RNI. MPHIN/2016/68439

> कोई भी चीज तब तक नहीं जाती जब तक वह हमें वह सब न सिखा दे जो हमें जानना जरूरी है।
>
> पेमा चोड्रोन

# दैनिक मेल पॉवर



पेज 4

भोपाल, सोमवार 8 सितम्बर 2025

वर्ष -10 | अंक 101 | पेज-8 | राजधानी भोपाल से प्रसारित | मूल्य 1 रुपए

## अब पूरे देश में होगा वोटर वेरिफिकेशन

### चुनाव आयोग की 10 सितंबर को दिल्ली में बैठक



### साल के आखिरी में प्रक्रिया शुरू हो सकती है

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग पूरे देश में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर(सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन) करने की तैयारी में है। इसको लेकर दिल्ली में 10 सितंबर को बैठक होगी। बैठक में सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी शामिल होंगे। इसमें देशभर में एसआईआर कराने को लेकर रणनीति पर चर्चा होगी। यह मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के फरवरी में पद संभालने के बाद तीसरी बैठक होगी। चुनाव आयोग ने कहा है कि बिहार के बाद वोटर लिस्ट जांच की प्रक्रिया पूरे देश में लागू की जाएगी। साल के आखिरी में इसकी शुरूआत हो जाएगी, ताकि 2026 में असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट को अपडेट किया जा सके। एसआईआर का मकसद- वोटर लिस्ट को अपडेट करना चुनाव आयोग के अनुसार, एसआईआरका उद्देश्य मतदाता सूची को अपडेट करना और अवैध मतदाताओं जैसे विदेशी नागरिकों, मृत व्यक्तियों या स्थानांतरित लोगों को हटाना है। इस बीच कई राज्यों में बांग्लादेश और म्यांमार से आए प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है। चुनाव आयोग ने वोटर लिस्ट में विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए 2 तरीके बताए। पहला बूथ लेवल ऑफिसर घर-घर, एक प्री-फील्ड फॉर्म गणना प्रपत्र (मतदाता की जानकारी और दस्तावेज) लेकर जाएंगे। दूसरा कोई भी व्यक्ति चुनाव आयोग की वेबसाइट पर जाकर यह फॉर्म डाउनलोड करके उसे भर सकता है।

### वोटर आईडी में अब मकान नंबर 0 नहीं होगा

*कर्नाटक में सैकड़ों मतदाता पहचान पत्रों में मकानों का एक ही पता ''जीरो'' दर्ज होने से मचे बवाल के बीच चुनाव आयोग कुछ परिस्थितियों में नोशनल नंबर देना खत्म करने जा रहा है। इसके लिए मतदाता के पते के बारे में नए फॉर्मेट पर विचार किया जा रहा है, ताकि काल्पनिक नंबर देने की मजबूरी खत्म हो जाए। इसके तहत वोटर आईडी में मकान नंबर डालने की अनिवार्यता समाप्त करना भी शामिल है। मकान नंबर की जगह आधार नंबर डालने को भी विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है। गौरतलब है कि कांग्रेस ने बड़ी संख्या में मकानों को नंबर 00 या 77777 या विनोद उपाध्याय / 07 सितम्बर, 20259 देने को राजनीतिक मुद्दा बनाया हुआ है। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कर्नाटक की वोटर लिस्ट में ऐसे कई पते दिखाए थे, जिनके आगे यही नंबर लिखे हुए थे। इसके बाद ऐसे वोटर्स को लेकर नई बहस छिड़ गई थी। चुनाव आयोग पर भी सवाल उठ रहे थे।*

## न्यूज, ब्रीफ

### दरगाह विवाद में 26 लोग हिरासत में

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में 3 सितंबर को हजरतबल दरगाह में राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ के चिन्ह वाली शिलापट्ट तोड़ी गई। इसके अगले दिन 4 सितंबर को अनंतनाग की खिरम दरगाह में फुटब्रिज के उद्घाटन किया गया था। यहां लगाई शिलापट्ट में केवल वक्फ बोर्ड का लोगो था, अशोक चिन्ह नहीं था। उद्घाटन में जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की चेयरपर्सन दरख्शां अंद्राबी भी पहुंची थीं। वहीं, हजरतबल दरगाह में अशोक स्तंभ शिलापट्ट तोडने के मामले में पुलिस ने 26 लोगों को हिरासत में लिया है। अब सवाल खड़ा हो रहा है कि क्या जानबूझकर हजरतबल दरगाह में लगाई गई शिलापट्ट में अशोक स्तंभ चिन्ह उकेरा गया था। जिससे माहौल खराब किया जा सके।

### एमएस धोनी क्रिकेटर से एक्टर बने

**मुंबई।** टीम इंडिया के सबसे सफल कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अब एक्टिंग की दुनिया में अपनी नई पारी शुरू करने जा रहे हैं। जल्द ही वह एक्टर आर. माधवन के साथ द चेज में दिखेंगे। रविवार को आर. माधवन ने इसका टीजर शेयर किया। इसमें धोनी और माधवन ब्लैक आउटफिट और सन ग्लासेस पहने हैं और हाथों में गन लेकर ताबड़तोड़ फायरिंग करते नजर आ रहे हैं। यह फिल्म है या वेबसीरीज, यह टीजर में क्लियर नहीं किया गया है। इसे वासन बाला ने डायरेक्ट किया है। वासन आलिया भट्ट की मूवी जिगरा के भी डायरेक्टर थे।

### रेड सी में ऑप्टिक फाइबर केबल कटी

नई दिल्ली। रेड सी में ऑप्टिक फाइबर केबलों के कटने से दुनियाभर का 17 प्रतिशत इंटरनेट ट्रैफिक प्रभावित हो गया है। ये ऑप्टिक फाइबर केबल माइक्रोसॉफ्ट के क्लाउड प्लेटफॉर्म अजूर की थीं, जो यूरोप और एशिया को इंटरनेट प्रोवाइड करतीं हैं। यह घटना 6 सितंबर को हुई जब जब कई प्रमुख केबल्स कट गईं। कंपनी ने बताया कि केबल रिपेयर में वक्त लगेगा। इस बीच यूजर्स को धीमे इंटरनेट का सामना करना पड़ रहा है। माइक्रोसॉफ्ट ने अपने अजूर सर्विस अपडेट में कहा कि खासकर मिडिल ईस्ट से होकर गुजरने वाला ट्रैफिक प्रभावित हुआ है, जिससे यूजर्स को लेटेंसी (देरी) का सामना करना पड़ रहा है।

### जापान के प्रधानमंत्री ने इस्तीफा दिया

टोक्यो। जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने रविवार को इस्तीफा दे दिया है। इशिबा ने यह कदम सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के भीतर विभाजन से बचने के लिए उठाया है। इशिबा की गठबंधन सरकार जुलाई में हुए ऊपरी सदन (हाउस ऑफ काउंसलर्स) के चुनाव में हार गई थी। इशिबा ने इसके लिए हाल ही में माफी मांगी थी और कहा था कि वह इस्तीफा देने के बारे में निर्णय लेंगे।चुनावी हार के बाद के एलडीपी भीतर इशिबा को हटाओ आंदोलन तेज हो गया था। पार्टी के कुछ नेताओं और सांसदों ने उनके नेतृत्व पर सवाल उठाए, जिससे उनकी स्थिति कमजोर हो गई थी। अब उनके हटने के बाद एलडीपी में नई लीडरशिप की दौड़ शुरू हो होगी।

## देवतालाब, बनारस और प्रयागराज धार्मिक क्षेत्र का अनूठा त्रिकोण : मुख्यमंत्री

- लाड़ली बहनों को दीपावली के बाद से 1500 रुपए प्रतिमाह अंतरित किए जाएंगे
- देवतालाब में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का होगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन
- बहुती जल प्रपात को विकसित करेगा पर्यटन विकास निगम

### देवतालाब और नईगढ़ी में बनेंगे नए तहसील भवन



***भोपाल।*** *मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कहा है कि शिव मंदिर देवतालाब अदभुत है। यहां पांच तत्वों का आभास होता है। ऐसा अद्भुत मंदिर केवल विश्वकर्मा जी ही बना सकते हैं। देवतालाब, बनारस और प्रयागराज महत्वपूर्ण धार्मिक त्रिकोण हैं। देवतालाब आस्था, इतिहास और आनंद का संगम है। यह श्रृंगी ऋषि की तपोभूमि है। ऐसी मान्यता है कि देवतालाब के शिव का दर्शन करने पर ही चारधाम की यात्रा का फल मिलता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को मऊगंज के देवतालाब स्टेडियम में आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने 241 करोड़ 33 लाख रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास कर विभिन्न योजनाओं में हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये और मऊगंज को विकास की अनेक सौगातें देते हुए घोषणाएं भी कीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कन्यापूजन कर मऊगंज के संयुक्त जिला कार्यालय भवन का शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि हमारे गांव स्वावलम्बन की अद्भुत मिसाल हैं। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में स्वदेशी को अपनाते हुए आत्मनिर्भरता और स्वावलम्बन के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश एकजुट है। हमारी इस सामर्थ्य के परिणामस्वरूप ही देश की कीर्ति गाथा सम्पूर्ण विश्व में गूंज रही है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का कथन की ₹21वीं सदी भारत की होगी₹ साकार हो रहा है। गर्व का विषय है कि स्वामी विवेकानंद अर्थात श्रद्धेय नरेन्द्र नाथ दत्त की भावना को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने चरितार्थ किया है। देश के गरीब, युवा, अन्नदात और महिलाओं का कल्याण तथा विकास तपोनिष्ट प्रधानमंत्री श्री मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सौभाग्य का विषय है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इसी माह प्रदेश आगमन के लिए स्वीकृति प्रदान की है। राज्य सरकार ने प्रदेश के किसी भी क्षेत्र में विकास और जनकल्याण के लिए कभी भी संसाधनों की कमी नहीं होने दी, इसी का परिणाम है कि प्रदेश में चहुंओर विकास का परचम लहरा रहा है। जबकि अन्य दलों की सरकारें विकास के लिए सदैव संसाधनों के अभाव का बहाना बनाती रहीं।*

#### विश्व की सभी महत्वपूर्ण नीतियों के निर्धारण में भारत है केंद्र बिंदु

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रयागराज और काशी विश्वनाथ के बीच बसा यह स्थान देवताओं की अभिरूचि की अभिव्यक्ति है। उनके स्वयं के लिए भी देवतालाब आगमन सदैव सुखद और भाग्यशाली रहा है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति ने विश्व को मानवता का विचार देते हुए जीवन जीने का सही मार्ग प्रशस्त किया। वर्तमान में भी प्रधानमंत्री श्री मोदी की प्रभावशीलता के परिणाम स्वरूप विश्व की सभी महत्वपूर्ण नीतियों के निर्धारण में भारत केंद्र बिंदु बना हुआ है।

#### खेत में किसान और सीमा पर जवान का सम्मान हमारी सरकार की प्राथमिकता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खेत में किसान और सीमा पर जवान दोनों का सम्मान हमारी सरकार के लिए सर्वोपरि है। किसान सम्मान निधि तथा अन्य प्रोत्साहन गतिविधियों के माध्यम से राज्य सरकार किसान कल्याण के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। पर्याप्त सिंचाई और बिजली की उपलब्धता प्रदेश के सभी क्षेत्रों में सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हनुमना उद्वहन सिंचाई परियोजना मंजूर की गई है। जिससे रीवा, सीधी, सिंगरौली और मऊगंज जिलों की एक लाख 40 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिलेगी।

## रूस ने बनाई कैंसर की वैक्सीन

### वैज्ञानिकों ने सभी ट्रायल में टीके की सफलता का दावा किया





**मास्को।** रूस ने कैंसर के खिलाफ लड़ाई में एक नई सफलता हासिल की है। वहां की फेडरल मेडिकल एंड बायोलॉजिकल एजेंसी (एफएमबीए) ने कैंसर की वैक्सीन तैयार की है। एफएमबीडी प्रमुख वेरोनिका स्क्वोत्सोवा ने कहा कि रूसी एंटरोमिक्स कैंसर वैक्सीन अब इस्तेमाल के लिए तैयार है। एमआरएनए-बेस्ड इस वैक्सीन ने सभी प्रीक्लिनिकल टेस्ट को सफलतापूर्वक पार कर लिया है जिससे इसकी सुरक्षा और प्रभावशीलता साबित हो गई है। इस टीके का प्रारंभिक लक्ष्य कोलोरेक्टल कैंसर (कोलन कैंसर) होगा।रिपोर्ट के अनुसार, रूस के कैंसर वैक्सीन ने शानदार प्रदर्शन किया है और एफएमबीएकी प्रमुख वेरोनिका स्क्वोत्रसोवा ने ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम में इसकी घोषणा की है। स्क्वोत्रसोवा ने कहा कि यह शोध कई वर्षों तक चला जिसमें से पिछले तीन साल सिर्फ मैंडेटरी प्रीक्लिनिकल स्टडीज को ही समर्पित थे। वैक्सीन अब इस्तेमाल के लिए तैयार है।

#### कई और प्रकार के कैंसर के टीकों पर भी काम जारी

इस टीके का शुरूआती टार्गेट कोलोरेक्टल कैंसर होगा। इसके अलावा ग्लियोब्लास्टोमा (ब्रेन कैंसर) और विशिष्ट प्रकार के मेलेनोमा जिनमें ऑक्यूलर मेलेनोमा (एक प्रकार का आंख का कैंसर) के लिए टीके विकसित करने में उम्मीद बांधने वाली प्रगति हुई है जो वर्तमान में अपनी एंडवांस स्टेज पर हैं।

### प्रज्वल रेवन्ना जेल लाइब्रेरी में काम करेगा

**बेंगलुरु।** पूर्व जेडीएस सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा का पोता प्रज्वल रेवन्ना जेल की लाइब्रेरी में काम करेगा। परप्पना अग्रहारा सेंट्रल जेल प्रशासन ने उसकी लाइब्रेरी में ड्यूटी लगाई है। इस काम के बदले उसे रोज 522 रुपए मिलेंगे। जेल प्रशासन का कहना है कि पूरा काम सही से करने पर ही रेवन्ना को पैसे दिए जाएंगे। अधिकारियों के मुताबिक, रेवन्ना का काम जेल की लाइब्रेरी में कैदियों को किताबें जारी करना और उनका रिकॉर्ड संभालना होगा। जेल नियमों के अनुसार, उम्रकैद भुगत रहे कैदियों को काम करना अनिवार्य है। हर कैदी को उसकी योग्यता और इच्छा के आधार पर काम दिया जाता है।

## सहारा इंडिया के खिलाफ चार्जशीट

### अदालत में सुब्रत राय के बेटे को भगोड़ा बताया





**नईदिल्ली।** केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय ने सहारा इंडिया समूह के खिलाफ कोलकाता की अदालत में पूरक चार्ज शीट दाखिल कर दी है। इसमें 1174 लाख करोड रुपए के चिटफंड घोटाले का उल्लेख है। केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने सहारा इंडिया के संस्थापक दिवंगत सुब्रत राय की पत्नी सुषमा राय और उनके बेटे सुशांत राय को आरोपी बनाया है। इसके अलावा कंपनी के आठ अन्य अधिकारियों को भी आरोपी बनाया गया है। चार्ज शीट में सुशांत राय को भगोड़ा घोषित किया गया है। केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय,सुब्रत राय के बेटे के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करा रही है। उल्लेखनीय है सहारा समूह के खिलाफ मध्य प्रदेश राजस्थान सहित कई राज्यों में 500 से अधिक एफआईआर दर्ज हैं। इसमें करीब 300 मामले केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय के दायरे में आते हैं। ईडी ने उड़ीसा बिहार और राजस्थान में तीन मामले दर्ज किए थे। इसमें इंडिया क्रेडिट को ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड एवं अन्य सहारा की संस्थाएं शामिल थी। हाल ही में ईडी के अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मुंबई के सहारा समूह के ठिकानों पर छापेमारी की थी। सहारा समूह की भूमि और शेयर से जुड़े दस्तावेज जप्त किए थे। इसे पूरक चार्ज सीट में शामिल किया गया है।

## तेलंगाना की केमिकल फैक्ट्री में चल रहा था नशे का कारोबार, छापे में मिली करोड़ों की नशीली ड्रग्स

- पुलिस ने 12 लोगों को किया गिरफ्तार, एक विदेशी नागरिक भी



**नई दिल्ली।** मीरा-भयंदर, वसई-विरार पुलिस के एंटी-नारकोटिक्स सेल और अपराध शाखा ने तेलंगाना में एक केमिकल मैन्युफैक्चरिंग फैक्ट्री के नाम पर चल रहे कार्टेल का भंडाफोड़ किया है। यह फैक्ट्री हैदराबाद के पास चेरलापल्ली औद्योगिक क्षेत्र में स्थित थी। वाघदेवी लैब्स नाम से संचालित यह फैक्ट्री वैध लगती थी, लेकिन यहां बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों का उत्पादन किया जा रहा था। पुलिस ने यहां से 12 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक विदेशी नागरिक भी है। वहीं 12 हजार करोड़ रुपए की एमडी ड्रग्स भी जब्त की है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एमडी का पूरा नाम मेफेड्रोन है। इसे म्याऊ म्याऊ, मेफ, एम-कैट या मियाऊ के नाम से भी जाना जाता है। यह एम्फैटेमिन दवाओं के ग्रुप में शामिल है, जिसमें स्पीड और बहुत ज्यादा खुशी का अनुभव होता है। नशीले पदार्थों की जब्ती के संबंध में यह बीते कुछ सालों की सबसे बड़ी रेड बताई जा रही है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि फैक्ट्री की जड़ तक पहुंचने के लिए पहले गिरोह में अपने लोगों की घुसपैठ कराई।

## 2400 करोड़ की धोखाधड़ी करने वाली कंपनी ने नाम बदला

### कंपनी का नया नामलिगेसी-एक्स

- इसके पहले इसी मास्टरमाइंड ने टीएलसी 2 I0 मैं निवेश करने वाले निवेशकों से लगभग 2400 करोड रुपए की धोखाधड़ी की थी।

**नई दिल्ली।** फॉरेक्स और क्रिप्टो ट्रेडिंग के माध्यम से 2400 करोड रुपए से ज्यादा की धोखाधड़ी करने वाले मास्टरमाइंड ने कंपनी का नाम बदलकर नई कंपनी खोल ली है। धोखाधड़ी का धंधा बदसूरत जारी है। धोखाधड़ी के मास्टरमाइंड लविश चौधरी उर्फ.नवाब अली दुबई से बैठकर धोखाधड़ी के इस धंधे को बेखौफ चला रहा है। क्रिप्टो में कारोबार करने के लिए इसने अपनी कंपनी का नाम बदल दिया है। नया नाम लिगेसी- एक्स हो गया है। इस बात की पुष्टि क्रिप्टो काइन मार्केट कैप से हो रही है। इसके पहले इसी मास्टरमाइंड ने टीएलसी 2I0 में निवेश करने वाले निवेशकों से लगभग 2400 करोड रुपए की धोखाधड़ी की थी। निवेशकों के अरबो रुपए डूब चुके हैं। इसके पहले भी इसने अपनी कंपनी का नाम बोट-ब्रो को बोट-अल्फा मे बदलकर वोट लाखों लोगों के साथ करोड़ों रुपए की ठगी की थी। दुबई में बैठकर लविश चौधरी के इस धोखाधड़ी के कारोबार में भारत के एजेंट उसके साथ जुड़े हुए हैं। इस धोखेबाज के कार्यालय जयपुर भोपाल इत्यादि शहरों में खुले हुए हैं।

## मानसून सीजन हिमाचल प्रदेश के लिए बना अभिशाप

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में इस मानसून सीजन (24 जुलाई से लेकर 7 अगस्त) तक बारिश-बाढ़, लैंडस्लाइड से जुड़ी घटनाओं में 366 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य सरकार को 4 लाख करोड़ की संपत्ति का नुकसान भी हुआ है। शिमला में 116 प्रतिशत और कुल्लू में 113 प्रतिशत बारिश हुई, जो सामान्य से दोगुनी है। पंजाब के सभी 23 जिले अभी भी बाढ़ से प्रभावित हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, राज्य में अगले 3 दिन बारिश का अलर्ट नहीं है, लेकिन लुधियाना का ससराली बांध टूटने का खतरा बना हुआ है जो सतलुज नदी पर बना है। इस पर बनाया रिंग बांध भी कटने लगा है। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के नौगांव में शनिवार शाम को बादल फटा। बाजार और कई घरों में पानी-मलबा घुस गया। सडक पर खड़ी कई गाडियां भी बह गईं। उत्तर प्रदेश के मथुरा में यमुना नदी शहर से 1 किमी दूर तक पहुंच गई है। घाट किनारे के आश्रमों में 5 फीट तक पानी भरा है। वृंदावन परिक्रमा मार्ग पानी में डूबा है।

## फिर मुंबई में बम धमाके की धमकी भरा संदेश, अब नायर अस्पताल को अज्ञात व्यक्ति ने किया ईमेल





**मुंबई।** मुंबई के प्रसिद्ध नायर अस्पताल में बम की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। यह धमकी शनिवार रात करीब 11 बजे अस्पताल के डीन के आधिकारिक ईमेल आईडी पर मिली। इस घटना से अस्पताल परिसर में कुछ देर के लिए भय और दहशत का माहौल बन गया। हालांकि, पुलिस द्वारा त्वरित निरीक्षण करने पर अस्पताल परिसर में कोई संदिग्ध या आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। फिलहाल, पुलिस ईमेल भेजने वाले की तलाश में जुटी है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, यह धमकी भरा ईमेल किसी अज्ञात व्यक्ति ने भेजा था। इसमें अस्पताल को बम से उड़ाने की चेतावनी दी गई थी। अस्पताल प्रशासन ने इस ईमेल की सूचना मुंबई पुलिस को दी। पुलिस ने बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड की मदद से अस्पताल परिसर की गहन जांच की। जांच के दौरान कोई संदेहास्पद वस्तु नहीं मिला। हालांकि, एहतियात के तौर पर अस्पताल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। साथ ही, साइबर सेल के विशेषज्ञों ने इस ईमेल के पीछे के व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी है।

### दो दिन पहले आया था मुंबई में धमाके की धमकी भरा संदेश

*दूसरी ओर, गणेश चतुर्थी उत्सव के दौरान मुंबई ट्रैफिक पुलिस की व्हाट्सएप हेल्पलाइन पर एक धमकी भरा संदेश मिला। इस संदेश में, लश्कर-ए-जिहादी नामक एक संगठन ने दावा किया था कि 14 पाकिस्तानी आतंकवादी मुंबई में घुस आए हैं और एक बड़े विस्फोट को अंजाम देने के लिए 34 वाहनों में 400 किलोग्राम आरडीएक्स लगाने की योजना बना रहे हैं। इस धमकी ने मुंबई शहर को हाई अलर्ट पर रख दिया था। मुंबई पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और उत्तरप्रदेश के नोएडा पुलिस की मदद से इस मामले के आरोपी अश्विनी कुमार सुप्रा (उम्र 50) को गिरफ्तार कर लिया। अश्विनी मूल रूप से बिहार के पटना रहने वाले हैं। वह पिछले पांच सालों से नोएडा के सेक्टर 79 की एक सोसाइटी में रह रहे हैं। वह वास्तु शास्त्र और ज्योतिष का व्यवसाय करते हैं। पुलिस ने उनके पास से धमकी भरा संदेश भेजने के लिए इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन और सिम कार्ड जब्त कर लिया है। इस मामले में, प्रारंभिक जांच से पता चला है कि अश्विनी ने अपने दोस्त को फंसाने के लिए यह धमकी भेजी थी। पुलिस ने तकनीकी निगरानी और स्थानीय खुफिया एजेंसियों की मदद से उसे नोएडा के सोरखा गांव से गिरफ्तार कर मुंबई लेकर आई है।*

## शक्ति प्रदर्शन की तैयारी कर रही कांग्रेस

### उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले खडगे ने रखी डिनर पार्टी



**नई दिल्ली।** 9 सितंबर को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए वोटिंग होनी है और अनुमान है कि उसी दिन गिनती होने के बाद नतीजे भी आ जाएंगे। एनडीए की तरफ से महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उतारा है, जबकि इंडिया गठबंधन ने सुप्रीम कोर्ट पूर्व जज बी सुदर्शन रेड्डी को प्रत्याशी बनाया है। इस चुनाव के जरिए कांग्रेस शक्ति प्रदर्शन करने की प्लानिंग कर रही है। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खडगे उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान से एक दिन पहले सोमवार शाम को संसद भवन में इंडिया ब्लॉक के सांसदों के लिए डिनर रखने वाले हैं। इस डिनर पार्टी में ही बैठक करके विपक्षी गठबंधन के नेता एकता दिखाने के प्रयास करेंगे। विपक्ष यह दिखाने की प्लानिंग करेगा कि वे बी सुदर्शन रेड्डी के समर्थन में एकजुट है। खास बात यह है कि असदुद्दीन ओवैसी ने भी सुदर्शन रेड्डी ने भी समर्थन कर दिया है। ओवैसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा था कि तेलंगाना के सीएम ने मुझसे बात की और अनुरोध किया कि हम उपराष्ट्रपति पद के लिए न्यायमूर्ति सुदर्शन रेड्डी का समर्थन करें। एआईएमआईएम, जस्टिस रेड्डी, जो एक हैदराबादी और सम्मानित न्यायविद हैं, उन्हें अपना समर्थन देगी।

### सर्व समाज समरसता ध्वज अर्पण कर दिया एकजुटता का संदेश

# सामाजिक सदभाव सनातन का मूल - मुकेश बसेड़िया

दैनिक भेल पॉवर ■

**गाडरवारा।** विगत दिवस नगर के वरिष्ठ समाजसेवी व नवनियुक्त परशुराम सेना के जिलाध्यक्ष मुकेश बसेड़िया ने सामाजिक सदभाव व परस्पर प्रेम के लिए साईंखेड़ा स्थित श्री दादाजी धूनी वालो के दरबार में सर्व समाज के साथ सामाजिक समरसता ध्वज चढ़ाकर एकता का संदेश दिया। सर्वप्रथम श्री दादाजी धूनी वालो का सामूहिक पूजन अर्चन कर एक साथ सतरंगी समरसता ध्वज अर्पण किया। इस अवसर पर श्री बसेड़िया ने मंच पर पूज्य संत श्री रामदास महाराज का शाल श्री फल से स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व





विधायक नरेश पाठक ने कहा कि श्री बसेडिया सेवा का भाव लेकर समाजसेवा के क्षेत्र मे बेहतर कार्य करते है। वरिष्ठ समाजसेवी मिनेन्द्र डागा ने अपने उदबोधन में सनातन धर्म ,गौ रक्षा एवं संर्वधन की बात रखी।कार्यक्रम में मातृ शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हुए जिला पंचायत सदस्य रिचा विश्वनाथ स्थापक ने कहा कि सनातन धर्म की गतिविधियों मे सभी की भागीदारी होना चाहिए। युवा नेता मनीष राय ने कहा कि सभी के हित की भावना को लेकर किया कार्य श्रेष्ठ होता है। पं आनंद पलिया ने कहा कि सर्व समाज को एक साथ मिलकर सनातन धर्म को आगे बढ़ाना चाहिए। कार्यक्रम मे नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन अग्रवाल ने संपूर्ण नगर की तरफ से व अन्य विभिन्न संगठनों ने शाल श्री फल भेंटकर श्री बसेडिया का सम्मान किया। इस कार्यक्रम को वरिष्ठ भाजपा नेता भगत दास महंत , पं गौरी शंकर खेमरिया , मनीष राय ,पं राजेन्द्र राजौरिया, जनपद सदस्य प्रतिनिधि पं संजय शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य धनंजय पटेल , धर्मेन्द्र गुड्डा राय साहब, सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप ढिमोले ने भी संबोधित किया। मुकेश बसेड़िया ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेरे जीवन के 24 वर्ष मां विजयासन , श्री दादाजी धूनी वालो की पूजन के साथ असहाय, निराश्रित गरीबो की सेवा तथा बेटियो की शिक्षा में व्यतीत हुआ उक्त आयोजन संत श्री के साथ जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सर्व समाज के वरिष्ठ जन, सभी वर्गों के , सभी दलों व सभी सामाजिक संगठनों के वरिष्ठ पदाधिकारीगण व जनता जनार्दन ने एक साथ मिलकर ध्वज चढ़ाया जो एकता व सामाजिक सदभाव की मिसाल है। कार्यक्रम का मंच संचालन पँ प्रफुल्ल दीक्षित एवं कार्यक्रम का संयोजन समाजसेवी व नगर साईंखेड़ा के पूर्व सरपंच राजेश राय ने किया इस मौके पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में पं सुरेंद्र बोहरे,पं अरविंद बोहरे, पं राजेन्द्र बसेड़िया ,पं ओमप्रकाश दुबे ,पं गोविंद तिवारी,सर्व ब्राहाण महासभा के पूर्व अध्यक्ष पं भानु दीक्षित, पं अनुराग शर्मा, वर्तमान अध्यक्ष पं राजेन्द्र शर्मा, उपाध्यक्ष पं राकेश खेमरिया ,पं आशीष तिवारी , पं नवीन बसेड़िया , पं अजय शंकर तिवारी,पं निशांत बसेड़िया , पं सुधीर बोहरे, पं प्रतीक बोहरे,पं अनुराग भार्गव , पं आनंद तिवारी पं भारत भूषण तिवारी,पं पवन राजौरिया,पं मनोज शर्मा, पं भोलेश्वर बोहरे ,पं प्रवीण व्यास, पं राजेश पचौरी ,पं अमित चौबे, पं संजय शुक्ला, पं अटल बसेड़िया,पं अनुराग अधरुज, पं मोहन बिल्थरिया तथा सर्व समाज से उप्पू भैया राय , धीरेंद्र श्रीवास्तव, गजेन्द्र चौकसे , अतुल राय, राजू अग्रवाल , गायत्री परिवार से मूलचंद पटेल ,कांग्रेस नगर अध्यक्ष मोना तोमर , राम चौकसे, प्रदीप पटेल,निशांत पटेल, सतेंद्र पटेल, गोलू अवधिया, प्रभात चौकसे, प्रभुदयाल चौकसे, वरिष्ठ शिक्षक मधुसूदन पटेल, कमलेश पटेल ,मोहनिश रूसिया , विनोद चौकसे, युवा समाजसेवी स्वप्निल सोनी, मंजीत पटेल, सुदामा अग्रवाल,सतेंद्र श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, नीरज पटेल ,भूरा जाटव, अरविंद ठाकुर, मोहन आदि के साथ सभी सामाजिक संगठनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव की अगुवाई में मोतीनगर चौराहे पर हुआ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का स्वागत

दैनिक भेल पॉवर ■

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी तथा मीडिया विभाग अध्यक्ष मुकेश नायक के दमोह प्रवास के दौरान सागर पहुंचने पर मोतीनगर चौराहा पर मौजूद जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव तथा कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं ने ढोल नगाड़ों के बीच आतिशबाजी चलाते हुए जोरदार नारेबाजी के साथ उनका स्वागत किया। यहां मौजूद पूर्व विधायक सुनील जैन, पूर्व निगम अध्यक्ष त्रिलोकीनाथ कटारे, डॉ संदीप सबलोक वरिष्ठ नेता अमित रामजी दुबे, मुन्ना चौबे, पप्पू गुप्ता, रामकुमार पचौरी, सिंटू कटारे, नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह बब्बू यादव, पार्षद ताहिर खान, शिवशंकर गुड्डू यादव, नीलोफर चमन अंसारी, ताहिर खान,



रोशनी वसीम खान, रिचा सिंह, दीनदयाल तिवारी, जमना प्रसाद सोनी, संजय मोंटी यादव, निहित सबलोक, अशोक नागवानी, नीरज चौरसिया, गंगाराम अहिरवार, मदन सोनी, धर्मेंद्र चौधरी, साजिद राईन, लीलाधर सूर्यवंशी, हेमराज रजक, कल्लू पटेल, राजेश उपाध्याय, मीना पवन पटेल, गीता कुशवाहा, भैयन पटेल, कार्तिकेय रोहन, समेत बड़ी संख्या में उपस्थित कांग्रेसजनों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया।

## अनंत चतुर्दशी पर निकलीं झिलमिलाती झांकियां, अखाड़ा कलाकारों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

दैनिक भेल पॉवर ■

**सीहोर।** अनंत चतुर्दशी के पावन पर्व पर शहर की वर्षों पुरानी परंपरा की इस बार भी झलक देखने को मिली। देर रात से लेकर सुबह तक शहर की सडकों पर झिलमिलाती झांकियों और अखाड़ों का कारवां देखने को मिला। अंचल सहित शहर के नागरिकों ने इन झिलमिलाती झाकियों को निहारा। शहर में मुख्य की सडक पर इस हर साल की तरह इस बार भी समाजसेवी अखिलेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर और अन्य संगठनों द्वारा मंच स्थापित किए गए थे। इन मंचों से गुजरने वाली हर झांकी और अखाड़े को सम्मानित किया गया। इस भव्य नजारे को देख हर कोई आनंदित नजर आ रहा था। हिन्दू उत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में एक दर्जन से अधिक अखाड़ों के कलाकारों ने अपने हैरतअंगेज करतब दिखाए। रात में नजर आया दिन से नजारा अलग-अलग जगहों से निकलीं ये झांकियां पूरे नगर का भ्रमण करती रहीं। सुबह झांकियों का यह कारवां लीसा टॉकीज चौराहे पर पहुंचा। सडकों के दोनों ओर सजी खेल.खिलौनों और खाने पीने की दुकानों ने



मेले जैसा माहौल बना दिया था। इस दौरान झांकियों के साथ अखाड़ों के करतबों ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

## गणेश विसर्जन शोभायात्रा सम्पन्न, श्रद्धालुओं ने दी बप्पा को भावभीनी विदाई



दैनिक भेल पॉवर ■

**नरसिंहगढ़।** मोयलीकला में रविवार को गणेश उत्सव का समापन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु सुबह से ही ग्रामवासी शोभायात्रा में शामिल होने के लिए एकत्र हुए। ढोल-ढमाकों और भजन-कीर्तन के बीच श्रद्धालुओं ने नाचते-गाते हुए बप्पा को विदाई दी। विसर्जन यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएँ, युवा और बच्चे शामिल हुए। प्रशासनिक अधिकारी तहसीलदार पटवारी ग्राम पंचायत सचिव ग्राम सरपंच नगर परिषद कुरावर एवं पुलिस बल ने पूरे कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था संभाली। विसर्जन स्थल पर नगर पालिका कर्मचारियों ने व्यवस्था की देखरेख की और मूर्ति विसर्जन के बाद साफ-सफाई का कार्य भी किया। ग्रामवासियों ने गणेश प्रतिमा का विधि-विधान से विसर्जन किया और ''गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ'' के जयकारों के साथ अगले वर्ष पुनः शुभागमन की कामना की।

## सीएम राइज स्कूल भवन की गुणवत्ता पर उठे सवाल: विधायक मोहन शर्मा करेंगे मुख्यमंत्री से मुलाकात

### औचक निरीक्षण में सामने आईं खामियाँ, दरारों व घटिया सामग्री पर जताई नाराजगी

दैनिक भेल पॉवर ■

**नरसिंहगढ़।** रविवार को क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने निमार्णाधीन सीएम राइज स्कूल भवन का औचक निरीक्षण किया और कार्य की गुणवत्ता को लेकर गहरी नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान भवन की दीवारों में दरारें पाई गईं, साथ ही निर्माण सामग्री में गंभीर खामियों की ओर भी इशारा किया गया।विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि भवन निर्माण में मानकों की अनदेखी की जा रही है। सीमेंट की मात्रा अपेक्षाकृत कम है और रेत की जगह डस्ट का उपयोग किया जा रहा है। यह सरासर लापरवाही है, जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, उन्होंने कहा मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट करेंगे और इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग करेंगे। उनका कहना है कि भवन का निर्माण कार्य पूरी पारदर्शिता और तय मापदंडों के अनुसार होना चाहिए, ताकि बच्चों की शिक्षा के लिए एक सुरक्षित और टिकाऊ संरचना सुनिश्चित की जा सके। विधायक ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि जांच में कमियां निकलती है तो निर्माण एजेंसी पर कार्रवाई की सिफारिश भी की जाएगी। उन्होंने संबंधित ठेकेदार और अधिकारियों को चेताया कि गुणवत्ताहीन कार्य किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।



### क्या रहेंगे मुद्दे

## घोषित कटौती के बाद भी एक घंटे देरी से आई बिजली, उपभोक्ता परेशान

दैनिक भेल पॉवर ■

**नरसिंहगढ़।** रविवार को नगर में बिजली विभाग द्वारा पूर्व निर्धारित मेंटेनेंस के चलते सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रखी गई थी। यह कटौती पहले से ही घोषित थी, जिससे शहरवासी पहले से ही तैयार थे। हालांकि, कटौती का निर्धारित समय दोपहर 3 बजे समाप्त हो गया, लेकिन इसके बावजूद बिजली एक घंटे की अतिरिक्त देरी के बाद करीब 4 बजे बहाल की गई। इस अनियमितता से आम जनता और व्यापारी वर्ग को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।स्थानीय लोगों का कहना है कि जब कटौती पहले से घोषित थी, तो मेंटेनेंस कार्य को समय पर पूरा कर बिजली आपूर्ति सुचारू की जानी चाहिए थी।

## अनंत चतुर्दशी के दूसरे दिन रविवार को भी विसर्जित हुईं गणेश प्रतिमाएं

दैनिक भेल पॉवर ■

**सीहोर।** अनंत चतुर्दशी के पावन पर्व पर शहर गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंज उठा। पिछले दस दिनों से जारी गणेश उत्सव का समापन शनिवार को प्रतिमा विसर्जन के साथ हुआ। टाउन हॉल विसर्जन घाट, सीवन नदी और अन्य घाटों पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। शनिवार को देर रात तक प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला चलता रहा, जबकि रविवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिमा विसर्जन के लिए पहुंचे। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर खुद टाउन हॉल विसर्जन घाट पर मौजूद रहकर विसर्जन की व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे थे। प्रशासन ने सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए थे। घाटों पर लाइफ जैकेट पहने कर्मचारी, नावें और गोताखोर तैनात थेए ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। **रविवार को भी जारी रहा विसर्जन-** शनिवार को अनंत चतुर्दशी पर दिनभर विसर्जन का सिलसिला चलता रहा। इसके बाद रविवार को भी कई श्रद्धालु अपनी गणेश प्रतिमाएं लेकर विसर्जन के लिए पहुंचे। पंडालों में विधि विधान से पूजा.अर्चना के बाद डीजे और ढोल की धुन पर नाचते-गाते हुए भक्तों ने प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले गए। इस दौरान ''गणपति बप्पा मोरया'' अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे हर तरफ सुनाई दे रहे थे।

### महापौर श्रीमती मालती राय सामूहिक क्षमावाणी पर्व कार्यक्रम में हुई सम्मिलित



## मुनिश्री महाराज का आशीर्वाद ग्रहण किया और उत्तम क्षमा मांगी

दैनिक भेल पॉवर ■

***भोपाल।*** *महापौर श्रीमती मालती राय अशोका गार्डन स्थित जैन मंदिर में आयोजित सामूहिक क्षमावाणी कार्यक्रम में सम्मिलित हुई और मुनिश्री का आशीर्वाद ग्रहण कर उत्तम क्षमा मांगी। महापौर श्रीमती मालती राय रविवार को अशोका गार्डन स्थित श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में आयोजित सामूहिक क्षमावाणी पर्व कार्यक्रम में सम्मिलित हुई और मुनिश्री का आशीर्वाद ग्रहण किया तथा उत्तम क्षमा मांगी। इस मौके पर सकल दिगम्बर जैन मंदिर समाज अशोका गार्डन द्वारा महापौर श्रीमती मालती राय का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सकल दिगम्बर जैन समाज के पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।*

निरीक्षण

### विसर्जन के पश्चात समस्त विसर्जन कुंडों/घाटों की त्वरित गति से साफ-सफाई सुनिश्चित करें

# महापौर श्रीमती मालती राय ने विभिन्न विसर्जन कुंडों/घाटों का निरीक्षण कर दिए निर्देश

### महापौर श्रीमती राय ने स्वयं भी विसर्जन कुंडों की सफाई हेतु श्रमदान किया

दैनिक भेल पॉवर ■

**भोपाल।** महापौर श्रीमती मालती राय ने निर्देशित किया है कि भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन के पश्चात सभी विसर्जन कुंडों/घाटों की त्वरित गति से साफ-सफाई सुनिश्चित करें। महापौर श्रीमती राय ने यह निर्देश विभिन्न विसर्जन कुडों/घाटों का निरीक्षण करते हुए दिए। महापौर श्रीमती राय ने स्वयं भी विसर्जन कुंडों से प्रतिमाओं के अवशेष व अन्य प्रकार के अपशिष्ट निकालने के कार्य में सहयोग भी किया और अन्य लोगों



को भी श्रमदान करने हेतु प्रेरित किया। महापौर श्रीमती मालती राय रविवार को खटलापुरा, रानी कमलापति, प्रेमपुरा आदि विसर्जन कुंडों/घाटों का निरीक्षण किया और भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन के पश्चात सभी विसर्जन कुंडों/घाटों की त्वरित गति से बेहतर साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्रीमती राय ने निर्देशित किया कि कुंडों/जलाशयों से प्रतिमाओं के अवशेष व अन्य प्रकार का कचरा आदि सुव्यवस्थित ढंग से पूरी तरह जलाशयों के बाहर निकाला जाए। निरीक्षण के दौरान महापौर श्रीमती राय ने स्वयं विसर्जन कुंडों से प्रतिमाओं के अवशेष व अन्य अपशिष्ट निकालने के कार्य में सहयोग किया और अन्य को भी इस हेतु प्रेरित किया। महापौर श्रीमती राय ने कहा कि शहर के सभी जलाशयों को साफ, स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त रखना हमारा उद्देश्य है और इसी उद्देश्य के तहत हम लगातार शहर की स्वच्छता के साथ-साथ जलाशयों की साफ-सफाई व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में संकल्पित होकर कार्य कर रहे है। निरीक्षण के दौरान जोन अध्यक्षद्वय श्रीमती बृजुला सचान व श्रीमती आरती अनेजा सहित निगम के अधिकारी व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## प्रदेश में निजी विद्यालयों द्वारा फीस में अनियमित वृद्धि को रोकने के लिये प्रावधान

### करीब 10 हजार 200 विद्यालयों ने पोर्टल पर फीस विवरण अपलोड किया

**भोपाल।** प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग ने निजी विद्यलायों द्वारा फीस में अनियमित वृद्धि रोकने के लिये प्रावधान लागू किये गये है। इसके अलावा किताबें, यूनिफॉर्म, टाई एवं कॉपियों पर किसी विशेष दुकान से क्रय नहीं किये जाने संबंधित नियम भी लागू है। इन नियमों में वर्णित प्रावधानों के तहत निजी विद्यालयों में उपयोग की जाने वाली स्टेशनरी, पठन सामग्री, बैग, यूनिफॉर्म, स्पार्ट्स किट, ट्रासपोर्ट सुविधा और फीस से संग्रहित की जाने वाली राशि का विवरण विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर तथा अधिकारिक वेबसाइट पर प्रदर्शित करने के निर्देश भी है। इसी के साथ निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा कक्षा वार एवं मद वार आगामी सत्र की प्रस्तावित फीस संरचना को स्कूल शिक्षा विभाग के फीस विनियमन पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य किया गया है। राज्य में इस वर्ष करीब 10 हजार 200 निजी विद्यालयों द्वारा पोर्टल पर फीस का विवरण अपलोड किया जा चुका है। प्रदेश में जिन विद्यालयों की किसी भी कक्षा की वार्षिक फीस संरचना 25 हजार रुपए या उससे कम है, उन्हें फीस



संरचना की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने से मुक्त रखा गया है। इन विद्यालयों को इस संबंध में पोर्टल पर शपथ पत्र अपलोड करने की निर्धारित तिथि भी दी गई थी। ऐसे विद्यालय जो समय-सीमा की जानकारी अपलोड नहीं करेंगे उनके विरूद्ध जिला समिति द्वारा कानूनी कार्यवाही की जाएगी। प्रदेश में निजी विद्यालयों के विरूद्ध प्राप्त होने वाली शिकायतों के निराकरण के लिये कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला समिति भी कार्य कर रही है।

# सहकारिता समिति कर्मचारी अपनी मागों के समर्थन में आदोंलन करेगें

दैनिक भेल पॉवर

**भोपाल।** म.प्र. सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ भोपाल के आवाहन पर जिला इकाई सागर द्वारा दिनाँक 08.09.2025 से 24.09. 2025 तक अनिश्चित कालीन कलमबंद आंदोलन जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. सागर कचहरी मार्ग के परिसर में सहकारिता समिति कर्मचारी अपनी मागों के समर्थन में आदोंलन करेगें जिसमें तीन सूत्री मागें इस प्रकार है। 1-सहकारी समितियों पदस्थ 60 कर्मचारियों को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. सागर में शासन के आदेशानुसार चयन किया जाना। 2-पी.डी.एस.अंतर्गत मिलने वाले वेतन, मानदेय पारिश्रमिक, कमीशन की राशि में वृद्धि एवं भुगतान बिक्रेता के स्वयं के खाते में समायोजित किया जावे। 3-समितियों में पदस्थ कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का लाभ शासन के आदेशानुसार प्रति माह प्रदाय किया जावे। आदोंलन से सागर जिले की समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकाने पूर्णताः बद रहेगी एवं जिले की समस्त सहकारी समितिया जो 178 है। अपना काम खाद, बीज, केडिट कार्ड, ऋण वितरण बसूली समस्त कार्य बंद रखेगी। आम लोगो को होने बाली पेरशानी के लिए सहकारिता समिति कर्मचारी खेद व्यक्त करने है। जिसकी समस्त जवावदारी शासन एवं प्रशासन की होगी।

# भगवान अग्रसेन जयंती भव्य शोभा यात्रा 20 सितम्बर को

**इस भव्य शोभा यात्रा में अग्रवाल समाज के महिला, पुरुष, एवं बच्चो सहित करीब 2000 अग्रबंधू सम्मिलित होंगे। इस भव्य शोभा यात्रा का भोपाल मेला उत्सव समिति, सिंधी सेन्ट्रल पंचायत, भोपाल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एवं मध्य प्रदेश वैश्य महासम्मेलन आदि संस्थाओं द्वारा स्वागत किया जायेगा।**

दैनिक भेल पॉवर

**भोपाल।** अग्रवाल समाज के कुल प्रवर्तक भगवान अग्रसेन जी की 5149 वीं जयंती के उपलक्ष्य में समग्र अग्रवाल समाज भोपाल द्वारा भव्य शोभा यात्रा दि. 20 सितम्बर 2025 दिन शनिवार दोपहर 4:00 बजे से जवाहर भवन, रोशनपुरा चौराहे से निकाली जा रही है। इस भव्य शोभा यात्रा में भगवान शंकर-पार्वती जी ऊँट पर संवार होकर निकलेंगे एवं कुलदेवी माता महालक्ष्मी के साथ भगवान अग्रसेन एवं माता माधवी भी आकर्षक झाँकी के रूप में शामिल रहेंगे, साथ ही भगवान अग्रसेन जी के 18 पुत्रों जो कि18 गोत्रों के नाम पर है उसी के अनुरूप 18 घोड़ों पर 18 राजकुमार अपने-अपने गोत्रों का प्रतिनिधित्व करते हुए राजकुमारों के परिधान में शामिल रहेंगे। उपरोक्त जानकारी मुख्य संयोजक सुनील गर्ग द्वारा प्रदान की गई। इस भव्य शोभा यात्रा में अग्रवाल समाज के महिला, पुरुष, एवं बच्चो सहित करीब 2000 अग्रबंधू सम्मिलित होंगे। इस भव्य शोभा यात्रा का भोपाल मेला उत्सव समिति, सिंधी सेन्ट्रल पंचायत, भोपाल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एवं मध्य प्रदेश वैश्य महासम्मेलन आदि संस्थाओं द्वारा स्वागत किया जायेगा। उक्त जानकारी संयोजक रामेश्वर अग्रवाल एवं शरद अग्रवाल द्वारा प्रदान की गई। यह भव्य शोभा यात्रा जवाहर भवन, रोशनपुरा चौराहे से प्रारम्भ हो कर बाणगंगा चौराहा, पॉलिटेक्निक चौराहा, शीतलदास की बगिया होते हुए अग्रसेन वाटिका कमला पार्क (ITC पार्क) में पुष्पांजलि के रूप में परिवर्तित होगी। उक्त जानकारी संयोजक मधुर अग्रवाल द्वारा प्रदान की गई। इस भव्य शोभा यात्रा के समापन पर अग्रसेन वाटिका में भव्य महाआरती एवं वरिष्ठ अग्रबंधुओं के सम्मान के साथ रंगीन आतिशबाजी तथा भोजन-प्रसादी के वितरण की व्यवस्था रहेगी। उक्त जानकारी संयोजक एच. एल. गर्ग एवं अनुपम अग्रवाल द्वारा दी गई। संयोजक महावीर गर्ग ₹मामा₹ एवं श्रीमती मंजू गुप्ता द्वारा बताया गया की इसमें शामिल महिलाएं पीले वस्त्र में एवं पुरुष वर्ग सफेद वस्त्रों के साथ भगवे रंग के साफे एवं अंगवस्त्र के साथ सम्मिलित होंगे। भोपाल के दूरस्थ स्थानों से भव्य शोभा यात्रा में शामिल होने के लिए भी वाहनों की व्यवस्था की गई है। इस भव्य शोभा यात्रा में अग्रबंधू ''स्वच्छ भारत मिशन अभियान'' को निभाते हुए शोभायात्रा के साथ-साथ पीछे से सफाई करते हुए आगे बढ़ेंगे। साथ ही मेडिकल इमरजेंसी हेतु एक एम्बुलेंस साथ में रहेगी तथा बुजुर्ग अग्रबन्धुओं के लिए वाहन की व्यवस्था भी की गई है। संयोजक प्रहलाद दास अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण बंसल, आर के गुप्ता, आदि वरिष्ठ अग्रबंधुओं द्वारा सभी अग्रबंधुओं से निवेदन किया गया है की इस यात्रा में बड़ी संख्या में सम्मिलित होकर भगवान अग्रसेन जी के सिध्दांत का अनुसरण कर एकता का परिचय देकर एक शाम समाज के नाम सन्देश को चरितार्थ करें।

# प्राचीन गणेश मंदिर पर लगा छप्पन भोग हुई महाआरती

दैनिक भेल पॉवर



**नरसिंहगढ़।** 10 दिवसीय गजानन महाराज की सेवा सत्कार में इस वर्ष सूरजपोल स्थित श्री गणेश मंदिर पर भव्य रूप से गणेश उत्सव मनाया गया शुक्रवार को महाकाल मित्र मंडल द्वारा सभी मोहल्ले वासियों के सहयोग से श्रद्धालुओं ने 56 भोग भगवान गणेश को अर्पण किया और मोहल्ले वासियों द्वारा महाआरती की गई विगत 65 वर्षों से लगातार झांकी बनाई जाती है इस वर्ष महाकाल ग्रुप द्वारा इंदौर दिल्ली से कलाकारों के माध्यम से एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी गई जिससे समस्त श्रद्धालुओं का मन मोह लिया मुख्य अतिथियों के द्वारा की बब्बा की आरती नगर पालिका अध्यक्ष कविता लोकेंद्र वर्मा उपाध्यक्ष जिला पंचायत उपाध्यक्ष पर्वत यादव बोडा ब्लॉक अध्यक्ष लखन रुहेला पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मंजूलता शिवहरे सहित मोहल्ले के वरिष्ठ जनों द्वारा आरती हुई वहीं छप्पन भोग से पूर्व देवेंद्र बना और महाआरती पूर्व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पवन शर्मा द्वारा की गई।

# सफल होने जीवन में लक्ष्य का होना जरुरी: अखिलेश राय

दैनिक भेल पॉवर



**सीहोर।** ढींगरा फैमिली फाउंडेशन द्वारा आयोजित निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश उत्सव में समाजसेवी अखिलेश राय ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में लक्ष्य का होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि जो लोग असफल होते हैं, उनकी मेहनत में कोई कमी नहीं होती, बल्कि वे इसलिए भटक जाते हैं क्योंकि उनका लक्ष्य निर्धारित नहीं होता है। संस्था के प्रतिनिधि पंकज सुबीर ने बताया कि पिछले 11 सालों में ढींगरा फैमिली फाउंडेशन 4400 लड़कियों को मुफ्त कंप्यूटर शिक्षा दे चुका है। हर साल 4000 आवेदन आते हैं, जिनमें से सिर्फ 400 का ही चयन हो पाता है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य है कि अगले साल से 5000 लड़कियों को प्रशिक्षण दिया जा सके, ताकि कोई भी निराश न हो। व्यक्तित्व विकास पर भी जोर कार्यक्रम में मौजूद महाराष्ट्र समाज के सचिव सुनील भालेराव ने बताया कि इस केंद्र पर सिर्फ कंप्यूटर शिक्षा ही नहीं, बल्कि काउंसलिंग के जरिए व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान दिया जाता है। जगदगुरु अजय पुरोहित ने कहा कि जीवन में एक लक्ष्य प्राप्त होने के बाद तुरंत नया लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए। इस प्रवेश उत्सव के तीन सत्र आयोजित किए गए, जिसमें अलग-अलग क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। सभी ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया और आने वाली पीढ़ी के लिए एक मिसाल बनने का आह्वान किया।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले 121 कर्मचारी हुए सम्मानित

दैनिक भेल पॉवर



**सीहोर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा विभाग में रचनात्मक योगदान देने वाले कर्मचारियों को प्रान्तीय शिक्षक संघ द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान के लिए 583 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें सीहोर ब्लॉक से 285, इछावर ब्लॉक से 96, भैरुंदा ब्लॉक से 91, आष्टा ब्लॉक से 72, बुधनी ब्लॉक से 39 आवेदन प्राप्त हुए। जिला स्तरीय सम्मान समारोह के लिए शिक्षा विभाग के शिक्षक, नवीन शिक्षक संवर्ग, सहायक शिक्षक, लिपिक, भृत्य से कुल 121 कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। शिक्षक सम्मान समारोह आवासीय विद्यालय के सभागार में अतिथिगण नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर, जिला परियोजना समन्वयक आरआर उइके, विकासखण्ड शिक्षण अधिकारी दीपा कीर, बीआरसीसी अशोक वर्मा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। अतिथियों का स्वागत कार्यकारी महासचिव सतीश त्यागी, जिला अध्यक्ष संजय सक्सेना, प्रदीप नागिया, बलराम पंवार, राजेंद्र परमार, हेमन्त मालवीय, दिनेश मेवाड़ा, महेश मालवीय, अर्जुन सिंह, जय सिंह, नरेश मेवाड़ा, नरेश सवासिया, देवराज सोनी, अमिता आहूजा ने किया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में मौजूद पालिका अध्यक्ष विकास राठौर प्रिंस ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु अपने समर्पण और ज्ञान के माध्यम से शिष्यों के जीवन को आकार देते हैं। शिक्षा ही जीवन को आकार देती है। मानव जीवन को सार्थक बनाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। कार्यक्रम को परियोजना समन्वयक आरआर उइके ने भी संबोधित किया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपा कीर ने सभी सम्मानित शिक्षकों बधाई दी एवम इसी समर्पण भाव से कार्य करने को कहा। अवासीय खेलकूद संस्थान के प्राचार्य आलोक शर्मा ने कहा कि प्रांतीय शिक्षक संघ शिक्षकों के अधिकार के साथ कत्र्तव्य एवं सामाजिक सेवा के कार्य करते हैं। आभार संजय सक्सेना ने एवं कार्यक्रम का संचालन प्रदीप नागिया ने किया।

# मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है: पं. प्रदीप मिश्रा

## सात दिवसीय शिवमय भागवत कथा का समापन

दैनिक भेल पॉवर



**सीहोर।** दूसरों के दुखों को समझना और उनके प्रति दया का भाव रखना ही मानवता का मूल है। निरूस्वार्थ भाव से दूसरों की मदद करना और उनके दुख दर्द को कम करने के लिए कार्य करना। मानवता अपने आप में एक ऐसा धर्म है जो लोगों को बेहतर बननेए नैतिकता और प्रेम का मार्ग अपनाने के लिए प्रेरित करता है। भगवान पर विश्वास करने वाला कभी निर्धन नहीं हो सकता है, सबसे बड़ा धन हमारा संतोष और संतुष्टि है। जिसके बल पर हम किसी भी परस्थितियों में अपना जीवन बसर कर सकते है। उक्त विचार शहर के बड़ा बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला में लगातार 26 सालों से अग्रवाल महिला मंडल के तत्वाधान में जारी सात दिवसीय शिवमय भागवत कथा के विराम दिवस पर कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। रविवार को सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और कथा सुबह आठ बजे से 11 बजे तक जारी रही, इसके पश्चात कथा का श्रवण करने वालों को विठलेश सेवा समिति की नगर इकाई के द्वारा भोजन प्रसादी का वितरण किया गया।

### जाप करने वाला निर्धन नहीं

पं. मिश्रा ने कहा कि भगवान का भजन करने वालाए जाप करने वाला कभी निर्धन नहीं हो सकता। सुदामा तो भगवान के मित्र थे, यदि संत नहीं बन सकते तो संतोषी बन जाओ। संतोष सबसे बड़ा धन है। सुदामा की मित्रता भगवान के साथ निस्वार्थ थी। उन्होंने कभी उनसे सुख, साधन या आर्थिक लाभ प्राप्त करने की कामना नहीं की, लेकिन सुदामा की पत्नी द्वारा पोटली में भेजे ग, चावलों में भगवान श्रीकृष्ण से सारी हकीकत कह दी और प्रभु ने बिन मांगे ही सुदामा को सब कुछ प्रदान कर दिया। भगवान पर विश्वास और भरोसा मजबूत होना चाहिए। जिस प्रकार माता रुकमणी को अपने कृष्ण पर विश्वास था कि वह आएंगे और उनके मित्र सुदामा को आस्था थी कि मैं भगवान का ध्यान और मनन करता रहूंगा तो मेरे परिवार को वैभव प्राप्त होगा।

### अग्रवाल महिला मंडल ने किया आभार व्यक्त

भागवत कथा के विराम दिवस के मौके पर अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष रुकमणी रोहिला ने लगातार 26 सालों से जारी कथा में सहयोग करने वाले सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहाकि रविवार को समापन हुए भव्य आयोजन में विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, जिला प्रशासन, विठलेश सेवा समिति की नगर इकाई और महिला मंडलों के अलावा सभी क्षेत्रवासियों ने सहयोग किया था।

# होम स्टे पर्यटन का नया केंद्र बना सीहोर का खारी गांव

## देश भर से आते हैं पर्यटक, ग्रामीण परिवेश का लेते हैं आनंद

दैनिक भेल पॉवर



**सीहोर।** जिले का खारी गांव पर्यटन के क्षेत्र में होम स्टे का प्रमुख केन्द्र बन गया है। यहां के ग्रामीण अपने घरों को पर्यटकों के लिए खोल रहे हैं। पर्यटक यहां आकर ग्रामीण जीवन, खेतों की हरियाली और पारंपरिक खान पान का आनंद ले रहे हैं। कई पर्यटकों ने बताया कि खारी गांव की सादगी और मेहमाननवाजी ने उनका मन मोह लिया। खारी गांव में महिलाएं पारंपरिक व्यंजन जैसे दाल बाटी और मिठाई परोसकर मेहमानों का स्वागत करती हैं, जबकि युवा गाइड बनकर गांव के इतिहास और खेती किसानी की जानकारी देते हैं। हाल ही में इंडियन फॉरेन सर्विस के ट्रेनी अधिकारियों और पंचायती राज मंत्रालय के अधिकारियों सहित कई मेहमानों ने खारी होम स्टे का दौरा किया और यहां के प्राकृतिक सौंदर्य की सराहना की। रोजगार और सशक्तिकरण का नया जरिया यह पहल खारी गांव में स्थानीय लोगों के लिए रोजगार का एक नया स्त्रोत बन गई है। होम स्टे से न केवल स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि यह यहां की सांस्कृतिक विरासत को भी संरक्षित कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 18 जून को खारी होम स्टे को सम्मानित भी किया, जो इस मॉडल की सफलता का प्रमाण है।

# 18 वर्षीय युवक की नदी में डूबने से मौत

दैनिक भेल पॉवर



**नरसिंहगढ़।** शनिवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में 18 वर्षीय युवक की नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना ग्राम सांका जागीर (श्याम जी) की है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बरेला खेड़ा तहसील बैरसिया निवासी युवक जगदीश गुर्जर पिता चन्दर सिंह गुर्जर, उम्र 18 वर्ष अपने मामा हेमराज गुर्जर के यहां आया हुआ था। शनिवार दोपहर वह मंदिर के समीप बने ब्रिज के नीचे नदी में उतरा था, इसी दौरान गहरे पानी में जाने से उसकी डूबकर मौत हो गई। सूचना मिलते ही एसडीओपी मिनी शुक्ला और तहसीलदार विराट अवस्थी मौके पर पहुंचे। शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल नरसिंहगढ़ भेजा गया जंहा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुशील कुमार पहले से मौजूद रहे जहां पीएम उपरान्त शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।

# बीना में मेधावी छात्र-छात्राओं और श्रेष्ठ शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित मंत्री गोविंद सिंह राजपूत हुए सम्मिलित

## शिक्षक हमारे जीवन में दीपक की तरह हैं, जो स्वयं जलकर हमें ज्ञान का प्रकाश देते हैं - गोविंद सिंह राजपूत

दैनिक भेल पॉवर



**सागर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर बीना में विधायक निर्मला सप्रे द्वारा आयोजित मेधावी छात्र-छात्राओं और श्रेष्ठ शिक्षकों के सम्मान समारोह में मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री गणेश और मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ, जिसके बाद छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुती दीं। कार्यक्रम में मंत्री राजपूत ने सेवानिवृत्त शिक्षक पंडित बृजमोहन शास्त्री का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। साथ ही, कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में मध्य प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इनमें कक्षा 10वीं में सुमबुल खान (99.2%, शास. उत्कृष्ट विद्यालय क्र.1, बीना), धैर्य चौबे (98.6%, सरस्वती शिशु मंदिर, बीना), अभय कुर्मी (98.4%, शास. उ.मा.वि., भानगढ़) और कक्षा 12वीं में यशोदा विश्वकर्मा (95.4%, नाभि. दि. जैन स्कूल), आकांक्षा कुर्मी (94.2%, पीएम श्री शा.उ.मा.वि., खिमलासा), मयंक कुशवाहा (93.6%, शास. सांदीपनि विद्यालय) शामिल रहे। इन सभी को चेक, शील्ड और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त, 500 से अधिक मेधावी छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। साथ ही उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले विद्यालयों के प्राचार्यों को भी सम्मानित किया गया। जिसमें शास. सांदीपनि विद्यालय, बीना (कक्षा 10वीं में 96.97% और कक्षा 12वीं में 95% रिजल्ट), शास. हाईस्कूल करोंदा (कक्षा 10वीं में 100% रिजल्ट), और शास. हाईस्कूल पार (कक्षा 10वीं में 97% रिजल्ट) को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम पश्चात बीना नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती लता सकवार, नगर पालिका उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैयां सहित पार्षदों ने मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का बीना नगर परिषद में भव्य स्वागत किया। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी आप सभी जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि जनता की हर मांग व समस्या पर तत्परता से कार्य करें जहां मेरी आवश्यकता हो वहां मुझे अवगत करके अपने क्षेत्र का विकास करें आप सभी के लिए मैं हमेशा उपलब्ध रहूंगा। कार्यक्रम में प्रदेश कार्य समिति सदस्य शशि कैथोरिया, जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय, चित्तर सिंह, पवन यादव, संजय सिंह ठाकुर, विशाल कुर्मी, सुधीर गुरहा, सौरभ अचबर, विकास राजपूत, राहुल राजपूत, रतन सिंह यादव, कड़ोरी यादव, सुरेंद्र राजपूत सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी गण, छात्र-छात्राएं एवं सम्माननीय शिक्षकों की गरिमामय उपस्थिति रही।

## 9 सितंबर को रोजगार मेला

# बेरोजगार युवाओं के लिए अच्छा अवसर



दैनिक भेल पॉवर

सीहोर। युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए जिला मुख्यालय में बड़ा रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। मेला 9 सितंबर को सुबह 11 बजे डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में लगेगा। मेले का उद्देश्य युवाओं को स्थानीय, प्रदेश और अन्य राज्यों की कंपनियों में नौकरी दिलाना है। इस दौरान लगभग 700 पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी। इसके अलावा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा स्वरोजगार के इच्छुक लोगों को लाभान्वित किया जाएगा और नए आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे। सरकारी आईटीआई भी इस मेले में अप्रेंटिसशिप के लिए युवाओं का चयन करेगी। इच्छुक आवेदक अपने सभी मूल दस्तावेजों के साथ मेले में शामिल हो सकते हैं।

# फिजियोथैरेपी दिवस पर मुफ्त स्वास्थ्य कैंप आज



दैनिक भेल पॉवर

**सीहोर।** फिजियोथैरेपी दिवस के अवसर पर आज 8 सितंबर को जिला चिकित्सालय में मुफ्त फिजियोथेरेपी कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप सुबह 10 बजे से डीईआईसी भवन में शुरू होगा। इस कैंप में जिले के सभी नागरिक भाग ले सकते हैं और फिजियोथेरेपी से संबंधित स्वास्थ्य लाभ उठा सकते हैं। यह आयोजन लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और उन्हें फिजियोथेरेपी के महत्व से परिचित कराने के उद्देश्य से किया गया है।

# मातृत्व का अपमानः बिहार की राजनीति पर असर



यही कार ा है कि मोदी पर गाली की हर चोट उनके समर्थन को और व्यापक बना देती है। मोदी को कोई भी गाली कभी भी कमजोर नही कर सकती। भारतीय मतदाता भावनाओं से गहराई से जुड़ा हुआ है। वह केवल तर्क और आँकड़ों से प्रभावित नहीं होता, बल्कि उसके नि य में संवेदनाएँ और संस्कार भी बराबरी से भूमिका निभाते हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की माताजी के संबंध में कांग्रेस और राजद के मंच से जो अभद्र व अशालीन शब्द कहे गए, उसने न केवल राजनीतिक वातावरण को कलंकित किया है, बल्कि पूरे देश की संवेदनाओं को भी आहत किया है। भारत में माँ केवल एक परिवार की सदस्य नहीं होती, वह मातृत्व का प्रतीक है, करुणा और संस्कार की धारा है, जीवन की प्रथम शिक्षिका है। किसी भी माँ के लिए अपमानजनक टिप्पणी वस्तुतः संपूर्ण मातृत्व का अपमान है। इसलिए जब किसी दल के नेता राजनीतिक आग्रहों एवं दुराग्रहों के चलते प्रधानमंत्री की माताजी को अपशब्द कहते हैं, तो यह प्रधानमंत्री पर नहीं बल्कि हर उस भारतीय पर चोट करता है, जिसने अपनी माँ को श्रद्धा और सम्मान के उच्चतम स्थान पर रखा है, यह भारतीय संस्कृति एवं तहजीब का भी अपमान है। यही कारण है कि यह घटना केवल राजनीतिक विवाद नहीं रही, यह एक सामाजिक-नैतिक प्रश्न बन गई है। नेताओं को यह बात समझनी चाहिए कि सही तरीके से बोले गए शब्दों में लोगों को जोड़ने की ताकत होती है, जबकि गलत भाषा एवं बोल का इस्तेमाल राजनीतिक धरातल को कमजोर करता है। बिहार विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं, विपक्षी नेताओं की जुबान फिसलती जा रही है, वे राजनीति से इतर नेताओं की निजी जिंदगियों में तांक-झांक वाले, धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले ऐसे बोल बोल रहे हैं, जो न सिर्फ. आपत्तिजनक हैं, बल्कि राष्ट्र-तोड़क एवं जनभावनाओं को आहत करने वाले है। प्रधानमंत्री मोदी को नीचा दिखाने के मकसद से ये नेता मयार्दा, शालीनता और नैतिकता की रेखाएं पार करते नजर आए हैं। गलत का विरोध खुलकर हो, राष्ट्र-निर्माण के लिये अपनी बात कही जाये, अपने राजनीतिक मुद्दों को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाये, लेकिन गलत, उच्छृंखल एवं अनुशासनहीन बयानों की राजनीति से बचना चाहिए। बड़ा सवाल है कि एक ऊर्जावान एवं दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में क्या वाकई अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल औचित्यपूर्ण है? लोकतंत्र में असहमति होना स्वाभाविक है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार की नीतियों की आलोचना करना विपक्ष का अधिकार ही नहीं, उसका दायित्व भी है। परंतु आलोचना और अभद्रता में बहुत बड़ा अंतर है। जब राजनीतिक संवाद विचारों, नीतियों और कार्यक्रमों से हटकर व्यक्तिगत और पारिवारिक अपमान तक पहुँच जाता है, तब लोकतंत्र की आत्मा पर आघात होता है। विपक्ष को सरकार की योजनाओं, उसकी कमियों या विफलताओं पर सवाल उठाने चाहिए, लेकिन यदि वे प्रधानमंत्री की माँ को निशाना बनाएंगे, तो जनता इसे राजनीतिक परिपक्वता की कमी, विकृत राजनीति और हताशा का प्रतीक ही मानेगी। इतिहास साक्षी है कि जब-जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गाली-गलौज की गई है, तब-तब यह उनके लिए सहानुभूति और समर्थन का कारण बना है। 2014 के लोकसभा चुनाव के समय से ही अनेक अवसर आए, जब कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों ने मोदी पर अशालीन एवं अभद्र टिप्पणियां की हैं लेकिन विपक्षी नेताओं ने अब सारी हदें लांघते हुए उन पर राजनीतिक छिद्रान्वेषण से हटकर व्यक्तिगत हमले करके, उनकी पृष्ठभूमि और उनके परिवार



को लेकर अपमानजनक शब्द कह कर राजनीतिक मयार्दाओं का हनन किया है। लेकिन हर बार जनता ने इसका उत्तर मोदी के पक्ष में समर्थन देकर दिया। 2019 के आम चुनाव में भी जब अपशब्दों की बाढ़ आई, तो मोदी और भी सशक्त होकर सामने आए। जनता ने मानो यह संदेश दे दिया कि जो व्यक्ति अपनी व्यक्तिगत गरिमा और पारिवारिक मयार्दा का स्वयं उत्तर नहीं देता, बल्कि मौन रहकर केवल अपने राष्ट्र विकास के कार्यों से जवाब देता है, वही उनकी सहानुभूति का अधिकारी है। यही कारण है कि मोदी पर गाली की हर चोट उनके समर्थन को और व्यापक बना देती है। मोदी को कोई भी गाली कभी भी कमजोर नही कर सकती। भारतीय मतदाता भावनाओं से गहराई से जुड़ा हुआ है। वह केवल तर्क और आँकड़ों से प्रभावित नहीं होता, बल्कि उसके निर्णय में संवेदनाएँ और संस्कार भी बराबरी से भूमिका निभाते हैं। प्रधानमंत्री की माता जी पर की गई टिप्पणी ने इस संवेदनशीलता को झकझोर दिया है। भारतीय समाज के लिए माँ केवल परिवार की धुरी नहीं है, बल्कि राष्ट्र की आत्मा का प्रतीक भी है। इसीलिए जब माँ पर आघात हुआ, तो जनता ने इसे मोदी के परिवार का नहीं बल्कि अपने परिवार का अपमान माना। यह भावनात्मक जुड़ाव विपक्ष की रणनीति को उल्टा कर देता है और मोदी के लिए जनसमर्थन का कारण बन जाता है। भारतीय राजनीति में स्तरहीन, हल्की और सस्ती बातें कहने का चलन काफी समय से है। लेकिन पिछले दो दशकों में यह वीभत्स रूप धारण कर चुका है। एक समय राम मनोहर लोहिया ने इंदिरा गांधी को केवल गूंगी गुड़िया कहा था तो काफी विवाद हुआ और बड़ी तादाद में लोगों ने लोहिया का विरोध किया। लेकिन आज कांग्रेस मोदी के खिलाफ काफी कुछ बोल चुकी हैं, कभी रावण तो कभी नीच, कातिल, शैतान, मौत का सौदागर जैसे शब्दों का खुलेआम इस्तेमाल किया है। जिसमें उनकी हताशा साफ झलकती है। कड़वे एवं गलत बयानी के मामले में कांग्रेसियों की तो लम्बी सूची है। चाहे सानिया हो या राहुल, चाहे वह अधीर रंजन हों या दिग्विजय सिंह या फिर संजय निरुपम, खडगे और प्रियंका गांधी। इन नेताओं ने बेहद हल्के शब्दों का इस्तेमाल किया, जिससे उनकी खीझ एवं बौखलाहट का पता चलता है। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि मोदी और उनकी पार्टी ने ऐसे अमर्यादित शब्दों और टिप्पणियों को अपने लाभ के लिए इस्तेमाल किया। नरेन्द्र मोदी को चाय वाला कहकर उनका उपहास उड़ाने वाले विपक्षियों को तो उन्होंने अपने कार्यों और उपलब्धियों से आईना दिखा दिया। आज चाय वाला शब्द मेहनतकश लोगों के सम्मान का प्रतीक बन गया है। बिहार के चुनावी परिदृश्य पर इस घटना का गहरा असर पड़ना स्वाभाविक है। यहाँ की राजनीति पहले से ही जातीय समीकरणों, आर्थिक पिछड़ेपन और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों में उलझी हुई है। विपक्ष अपने लिए जगह बनाने के लिए संघर्षरत है, परंतु वह जनता को कोई ठोस और विश्वसनीय विकल्प देने में असफल रहा है। ऐसे में जब उसके नेता अभद्रता पर उतर आते हैं, तो जनता का विश्वास और भी कम हो जाता है। वह सोचने लगती है कि जिन नेताओं के पास शब्दों की गरिमा और तर्क का बल नहीं है, वे शासन और प्रशासन की मयार्दा कैसे संभालेंगे? इसीलिए बिहार की जनता ऐसी अभद्रता का समर्थन नहीं करेगी और इसका सीधा असर विपक्ष की चुनावी संभावनाओं पर पड़ेगा। यह भी एक गहन प्रश्न है कि विपक्ष आखिर किस हद तक गिरेगा? क्या लोकतंत्र अब केवल गाली-गलौज और व्यक्तिगत अपमान तक सीमित रह जाएगा? क्या राजनीति में विचारों और सिद्धांतों की जगह अब विकारों और अशालीनता ने ले ली है? यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। प्रधानमंत्री मोदी पर गाली-गलौज की हर घटना उनके व्यक्तित्व को और दृढ़ बनाती है। वे स्वयं बार-बार कहते रहे हैं कि उन्हें जितनी गालियाँ मिलेंगी, वे उतनी ही शक्ति से देश सेवा में लगेंगे। उनके इस धैर्य और संयम ने उन्हें जनता के बीच एक अलग पहचान दी है। जनता यह अनुभव करती है कि जो व्यक्ति व्यक्तिगत अपमान को भी सह लेता है, लेकिन जनता की सेवा से विचलित नहीं होता, वही सच्चा नेतृत्वकर्ता है। यही कारण है कि उनके विरोधियों की अभद्रता अंततः उन्हीं पर भारी पड़ती है। विपक्ष को यह समझना होगा कि लोकतंत्र में सफलता केवल आलोचना से नहीं मिलती, बल्कि वैकल्पिक नीतियों और रचनात्मक दृष्टि से मिलती है। केवल मोदी विरोध करना ही राजनीति का उद्देश्य नहीं हो सकता। जनता को चाहिए कि विपक्ष विकास की कोई ठोस योजना प्रस्तुत करे, रोजगार और शिक्षा की स्थिति सुधारने का मार्ग दिखाए, स्वास्थ्य और किसान समस्याओं पर गंभीरता से बात करे। यदि वे यह सब नहीं कर सकते और केवल गाली-गलौज की राजनीति करेंगे, तो उनका हश्र वही होगा जो बार-बार होता आया है। जनता उन्हें नकार देगी और उनके अपशब्द मोदी के लिए समर्थन की नई ऊर्जा बनेंगे। यदि विपक्ष अपनी भाषा और व्यवहार पर संयम नहीं रखेगा, तो न केवल उसकी साख गिरेगी बल्कि लोकतंत्र की प्रतिष्ठा भी आहत होगी।

# आखिर कब साकार होगा पूर्ण साक्षर भारत का सपना?




दुनियाभर में लोगों को साक्षरता के महत्व के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 8 सितम्बर को विश्वभर में ह्यअंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जाता है। दुनिया से अशिक्षा को समाप्त करने के संकल्प के साथ आज 59वां अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जा रहा है। पहली बार यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन) द्वारा 17 नवम्बर 1965 को 8 सितम्बर को ही अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाए जाने की घोषणा की गई थी, जिसके बाद प्रथम बार 8 सितम्बर 1966 से शिक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने तथा विश्वभर के लोगों का इस ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रतिवर्ष इसी दिन यह दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया। वास्तव में यह संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों का ही प्रमुख घटक है। निरक्षरता को खत्म करने के लिए ईरान के तेहरान में शिक्षा मंत्रियों के विश्व सम्मेलन के दौरान वर्ष 1965 में 8 से 19 सितम्बर तक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा कार्यक्रम पर चर्चा करने के लिए पहली बार बैठक की गई थी और यूनेस्को ने नवम्बर 1965 में अपने 14वें सत्र में 8 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस घोषित किया। उसके बाद से सदस्य देशों द्वारा प्रतिवर्ष 8 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जा रहा है। साक्षरता दिवस के अवसर पर निरक्षरता समाप्त करने के लिए जन जागरूकता को बढ़ावा देने तथा प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रमों के पक्ष में वातावरण तैयार किया जाता है। यह दिवस लगातार शिक्षा को प्राप्त करने की ओर लोगों को बढ़ावा देने के लिए तथा परिवार, समाज और देश के लिए अपनी जिम्मेदारी को समझने के लिए मनाया जाता है। दुनियाभर में आज भी अनेक लोग निरक्षर हैं और यह दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य व्यक्तिगत, सामुदायिक तथा सामाजिक रूप से साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विश्व में सभी लोगों को शिक्षित करना ही है। साक्षरता दिवस के माध्यम से यही प्रयास किए जाते हैं कि इसके जरिये तमाम बच्चों, व्यस्कों, महिलाओं तथा वृद्धों को भी साक्षर बनाया जाए। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में फिलहाल करीब चार अरब लोग साक्षर हैं लेकिन विड़म्बना यह है कि आज भी विश्वभर में करीब एक अरब लोग ऐसे हैं, जो पढ़ना-लिखना नहीं जानते। तमाम प्रयासों के बावजूद दुनियाभर में 77 करोड़ से भी अधिक युवा भी साक्षरता की कमी से प्रभावित हैं अर्थात प्रत्येक पांच में से एक युवा अब तक साक्षर नहीं है, जिनमें से दो तिहाई महिलाएं हैं। आंकड़े बताते हैं कि 6-7 करोड़ बच्चे आज भी ऐसे हैं, जो कभी विद्यालयों तक नहीं पहुंचते जबकि बहुत से बच्चों में नियमितता का अभाव है या फिर वे किसी न किसी कारणवश विद्यालय जाना बीच में ही छोड़ देते हैं। कोरोना काल में यह समस्या और ज्यादा गहरी हुई। करीब 58 फीसदी के साथ सबसे कम व्यस्क साक्षरता दर के मामले में दक्षिण और पश्चिम एशिया सर्वाधिक पिछड़े हैं। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के लिए प्रतिवर्ष एक विशेष थीम चुनी जाती है और इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की थीम है डिजिटल युग में साक्षरता को बढ़ावा देना, जो संचार को बेहतर बनाने और विविध संस्कृतियों के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देने के लिए कई भाषाओं में शिक्षा प्रदान करने के महत्व पर जोर देती है। पिछले साल साक्षरता दिवस बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देनाः आपसी समझ और शांति के लिए साक्षरता थीम के साथ मनाया गया था। इस विशेष दिवस के लिए 2006 से लेकर अब तक निर्धारित थीम पर नजर डालें तो 2006 में सामाजिक प्रगति प्राप्ति पर ध्यान देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का विषय साक्षरता सतत विकास रखा गया था। वर्ष 2007 और 2008 में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की विषय-वस्तु साक्षरता और स्वास्थ्य थी, जिसके जरिये टीबी, कॉलेरा, एचआईवी, मलेरिया जैसी फैलने वाली बीमारियों से लोगों को बचाने के लिए महामारी के ऊपर ध्यान केन्द्रित करने का लक्ष्य रखा गया था। वर्ष 2009 में लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण पर ध्यान देने के लिए इसका विषय साक्षरता और सशक्तिकरण रखा गया था जबकि 2010 की थीम साक्षरता विकास को बनाए रखना थी। 2011 में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के लिए थीम साक्षरता और महामारी (एचआईवी, क्षय रोग, मलेरिया आदि संक्रमणीय बीमारियों) पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए थी। 2012 में लैंगिक समानता और महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए थीम थी साक्षरता और सशक्तिकरण। 2013 में शांति के लिए साक्षरता के महत्व पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए साक्षरता और शांति, 2014 में 21वीं शताब्दी के लिए साक्षरता, 2015 में साक्षरता और सतत विकास, 2016 में अतीत पढ़ना, भविष्य लिखना, 2017 में डिजिटल दुनिया में साक्षरता, 2018 में साक्षरता और कौशल विकास अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की थीम थी।

# संपादकीय

## संघ की बैठक में खुला सरकार का चिट्ठाः आत्महत्याओं और नशे पर जोशी ने जताई चिंता

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की जोधपुर में हुई हालिया बैठक में देश की आर्थिक और सामाजिक वास्तविकताओं पर विभिन्न संगठनों के प्रमुख वक्ताओं द्वारा अपनी ही सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। मुरली मनोहर जोशी ने देश की आर्थिक स्थिति को बताते हुए सरकार के गाल में तमाचा मारा है। इस तीन दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला में वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी ने मोदी सरकार के 11 वर्षों के शासन का विश्लेषण करते हुए उसके दोष एक-एक करके उजागर किए हैं। उन्होंने अपने अनुभव और विशेषज्ञता के आधार पर सरकार की विफलताओं को बेधड़क संघ के सामने रखा। सबसे महत्वपूर्ण चिंता देश में बढ़ती आत्महत्या की घटनाएं और नशे का विकराल प्रभाव जो बड़ी तेजी के साथ शहरों से गांव तक पहुंच गया है। बड़ी संख्या में युवा नशे की चपेट में आ गए हैं। नशे का कारोबार पिछले 10 वर्षों में बड़ी तेजी के साथ बढ़ा है। रासायनिक ड्रग्स का बढ़ता कारोबार और युवाओं को नशे की लत को लेकर जोशी ने सरकार पर कड़ा प्रहार किया है। जोशी जी ने चिंता व्यक्त की, भारत में 10 से 17 साल की उम्र के 1 करोड़ 58 लाख बच्चे नशीली दवाओं के आदी बन चुके हैं। दिल्ली में सड़क किनारे फुटपाथ पर रहने वाले एक तिहाई बच्चे नशे की गिरफ्त में हैं। एनसीआरबी के आंकड़े बताते हैं, 2018 में 1.34 लाख आत्महत्या के मामले सामने आए थे। जो 2022 में बढ़कर 1.70 लाख हो गये हैं। 2019 से 2021 के बीच में 3950 छात्रों ने आत्महत्या की है। पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रोफेसर जोशी ने यह आंकड़े बैठक में रखते हुए भयावह स्थिति का वर्णन किया। उन्होंने कहा यह आंकड़े दशार्ते हैं, हमारे देश की युवा पीढ़ी संकट के दौर से गुजर रही है। मुरली मनोहर जोशी ने देश की आर्थिक स्थिति और सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने बताया कि भारत की कुल घरेलू संपत्ति का 65प्रतिशत हिस्सा केवल 10प्रतिशत लोगों के पास एकत्रित हो गया है। मोदी सरकार भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बताकर गर्व करती है। वास्तविक स्थिति यह है कि प्रति व्यक्ति भारत में जीडीपी मात्र 2878 डॉलर है। जबकि जापान में प्रति व्यक्ति यह आय लगभग 34,000 डॉलर है। इससे स्पष्ट है कि देश में आम जनता का समुचित आर्थिक विकास का लाभ नहीं पहुंच रहा है। अर्थव्यवस्था का लाभ कुछ ही परिवारों तक पहुंच रहा है। इस पर जोशी ने बड़ी चिंता जताई है। जोशी जी ने विगत 10 वर्षों के सरकार के कामकाज का उल्लेख करते हुए कहा, भारत ने स्वदेशी उद्योगों और कृषि क्षेत्र की भारी उपेक्षा की है। सरकार ने जो भी नीतियां बनाई हैं उसका लाभ बड़े-बड़े कारपोरेट को हुआ है। उन्होंने कहा विदेशी निर्भरता ने देश की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव डाला है। जिसके कारण स्थानीय रोजगार के अवसर बड़ी तेजी के साथ खत्म हुए हैं। सरकार की वर्तमान नीतियों के कारण राष्ट्रीय हित बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं। वयोवृद्ध मुरली मनोहर जोशी ने बैठक में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को रेखांकित करते हुए कहा, भारत को कृषि और स्वदेशी उद्योग पर विशेष ध्यान देना चाहिए था। जिसकी उपेक्षा वर्तमान सरकार द्वारा बड़े स्तर पर की गई है।

## (आस्था)

### 100 साल बाद चंद्र ग्रहण पर कर्मफल दाता शनि देव चलेंगे वक्री चाल

बस अब से थोड़ी देर बाद ही साल का दूसरा पूर्ण चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है। यह ग्रहण भारत समेत दुनिया के कई हिस्सों में नजर आएगा। नई दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, चेन्नई, लखनऊ, पटना, अहमदाबाद, जयपुर, पुणे, कानपुर, नागपुर, हैदराबाद, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर, वाराणसी, गोरखपुर और देहरादून समेत देशभर से लोग इस अद्भुत नजारे को देख पाएंगे। ग्रहण के समय चांद पूरी तरह से पृथ्वी की छाया में चला जाएगा और इस दौरान चंद्रमा लालिमा लिए हुए दिखेगा, जिसे आमतौर पर ब्लड मून कहा जाता है। पंचांग के अनुसार, यह चंद्र ग्रहण रात 9 बजकर 58 मिनट से शुरू होगा और देर रात 1 बजकर 26 मिनट तक रहेगा। वहीं, ग्रहण की समाप्ति रात 1:26 पर होगी। यह ग्रहण कुल 3 घंटे 29 मिनट तक चलेगा। यहां जानिए ग्रहण से जुड़ी हर एक अपडेट के बारे में कुछ ही देर बाद साल का अंतिम चंद्रग्रहण शुरू होगा। भारतीय समयानुसार इसकी शुरूआत रात 9:58 बजे से होगी। खास बात यह है कि 122 साल बाद पितृपक्ष के पहले दिन चंद्रग्रहण का संयोग बन रहा है, साथ ही शनि और गुरु की युति इसे और दुर्लभ बना रही है। आज रात साल का आखिरी चंद्र ग्रहण लगने वाला है। यह एक पूर्ण चंद्र ग्रहण होगा, जिसमें चांद लाल रंग का दिखाई देगा। ब्लड मून पूर्ण चंद्र ग्रहण के दौरान आज रात 11 बजे से लेकर 12 बजकर 22 मिनट तक देखने को मिलेगा। नई दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, चेन्नई, लखनऊ, पटना, अहमदाबाद, जयपुर, पुणे, कानपुर, नागपुर, हैदराबाद, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर, वाराणसी, गोरखपुर और देहरादून समेत देशभर से लोग इस अद्भुत नजारे को देख पाएंगे। आज चंद्रग्रहण के प्रथम चरण में चांदी के समान चमकते चांद का रंग हल्का धुंधला नजर आएगा। मध्यरात्रि तक चांद पूरी तरह पृथ्वी की छाया में होगा। इस समय उसका रंग हल्का नारंगी होगा और फिर लाल दिखाई देगा। पूर्ण चंद्र ग्रहण के दौरान चांद पूरी तरह से पृथ्वी की छाया में आ जाता है। इस स्थिति में सूर्य की रोशनी सीधे चांद तक नहीं पहुंच पाती। लेकिन पृथ्वी के वातावरण से गुजरकर कुछ किरणें चंद्रमा तक जाती हैं और तब चांद लाल या नारंगी रंग का दिखाई देता है। इस बार ग्रहण के दौरान यह खूबसूरत नजारा रात करीब 11 बजे के आसपास सबसे ज्यादा साफ दिखेगा।

## आज का राशिफल

**मेषः चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ ।**

**मेषः** आपकी व्यक्तिगत समस्याएँ मानसिक शांति को भंग कर सकती हैं। मानसिक दबाव से बचने के लिए कुछ रोचक और अच्छा पढ़ें। कुछ खरीदने से पहले उन चीजों का इस्तेमाल करें, जो पहले से आपके पास हैं। सामाजिक गतिविधियाँ मजेदार रहेंगी, लेकिन अपने रहस्य किसी के सामने उजागर न करें। आज अचानक किसी से रोमांटिक मुलाकात हो सकती है। व्यवसायियों के लिए अच्छा दिन है, क्योंकि उन्हें अचानक बड़ा फायदा हो सकता है। आज आपको महत्वपूर्ण मामलों पर ध्यान लगाने की जरूरत है। अपने साथी पर किया गया संदेह एक बड़ी लड़ाई का रूप ले सकता है।

**वृषभ : उ, ई, ऐ, ओ, बा, बी, बे, बो ।**

**वृषभः** आप भावनात्मक तौर पर बहुत संवेदनशील हैं, इसलिए ऐसे हालात से बचें जो आपको चोट पहुँचा सकते हों। आज आप अपने घर के वरिष्ठ जनों से पैसे की बचत करने को लेकर कोई सलाह ले सकते हैं और उस सलाह को जिंदगी में जगह भी दे सकते हैं. विदेश में रह रहे किसी रिश्तेदार से मिला तोहफा आपके लिए खुशी लेकर आएगा। आज अपने खूबसूरत कामों को दिखाने के लिए आपका प्रेम पूरी तरह खिलेगा। बिना गहराई से समझे-बूझे किसी व्यावसायिक/कानूनी दस्तावेज पर हस्ताक्षर न करें। दिक़्कतों का तेजी से मुकाबला करने की आपकी क्षमता आपको खास पहचान दिलाएगी।

**मिथुनः क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा ।**

**मिथुनः** जिस तरह मिर्च खाने को लजीज बनाती है, उसी तरह थोड़ा-सा दुःख भी जीवन में जरूरी है और तभी सुख की असली कीमत पता लगती है। अगर आप आय में वृद्धि के स्रोत खोज रहे हैं, तो सुरक्षित आर्थिक परियोजनाओं में निवेश करें। आपके आकर्षण और व्यक्तित्व के जरिए आपको कुछ नए दोस्त मिलेंगे। प्यार की ताकत आपको प्यार करने की वजह देती है। आप किसी बड़े व्यावसायिक लेन-देन को अंजाम दे सकते हैं और मनोरंजन से जुड़ी किसी परियोजना में कई लोगों का संयोजन कर सकते हैं। घर पर मिले किसी पुराने सामान को देखकर आज आप खुश हो सकते हैं ।

**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो ।**

**कर्कः** खुद को ज्यादा आशावादी बनने के लिए प्रेरित करें। इससे न सिर्फ आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और व्यवहार लचीला होगा, बल्कि डर, ईर्ष्या और नफरत जैसे नकारात्मक मनोभावों में भी कमी आएगी। जिन लोगों की अब तक तनख्वाह नहीं आयी है आज वो पैसों के लिए बहुत परेशान रह सकते हैं और अपने किसी दोस्त से उधार मांग सकते हैं। आपको बच्चों या खुद से कम अनुभवी लोगों के साथ धैर्य से काम लेने की जरूरत है। रोमांस के नजरिए से आज जिन्दगी बहुत जटिल रहेगी। जो कला और रंगमंच आदि से जुड़े हैं, उन्हें आज अपना कौशल दिखाने के लिए कई नए मौके मिलेंगे।

**सिहंः मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे ।**

**सिंहः** झल्लाना और खीजना आपकी सेहत खराब कर सकता है। पुरानी बातों में न उलझें और जितना हो सके आराम करने की कोशिश करें। आज आपको भूमि, रिअल-एस्टेट या सांस्कृतिक परियोजनाओं पर ध्यान केन्द्रित करने की जरूरत है। आज आपमें धैर्य की कमी रहेगी। इसलिए संयम बरतें, क्योंकि आपकी तल्खी आस-पास के लोगों को दुःखी कर सकती है। कुछ लोगों के लिए जल्द ही शादी की शहनाई बज सकती है, जबकि दूसरे जिन्दगी में नए रोमांस का अनुभव करेंगे। नयी परियोजनाओं और खर्चों को टाल दें।

**कन्याः टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।**

**कन्याः** अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें, जो आध्यात्मिक जीवन के लिए आवश्यक है। मस्तिष्क जीवन का द्वार है, क्योंकि अच्छा-बुरा सब-कुछ इसी के माध्यम से आता है। यही जिंदगी की समस्याएँ दूर करने में सहायक सिद्ध होता है और सही सोच से इंसान को आलोकित करता है। आज आपके ऑफिस का कोई सहकर्मी आपकी कीमती वस्तु चुरा सकता है इसलिए आज आपको अपना सामान ध्यान से रखने की जरुरत है। परिवार के साथ सामाजिक गतिविधियाँ सभी को खुश रखेंगी। आज ही लंबे वक़्त से चले आ रहे झगड़ों को सुलझा लें।

**तुलाः रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते ।**

**तुलाः** लाभ लेने के लिए बड़ों को अपनी अतिरिक्त ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करना चाहिए। आज आप आसानी से पैसे इकट्ठा कर सकते हैं- लोगों को दिए पुराने कर्ज वापिस मिल सकते हैं- या फिर किसी नयी परियोजना पर लगाने के लिए धन अर्जित कर सकते हैं। आपके नजदीकी लोग निजी जीवन में परेशानियाँ खड़ी कर सकते हैं। प्रेम जीवन की डोर को मजबूत बनाए रखना चाहते हैं तो किसी तीसरे की बातों को सुनकर अपने प्रेमी के बारे में कोई भी राय न बनाएं। व्यावसायिक साझीदार सहयोग करेंगे और आप साथ मिलकर टलते आ रहे कामों को पूरा कर सकते हैं।

**वृश्चिकः तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू ।**

**वृश्चिकः** आप जल्द ही लम्बे समय से चली आ रही बीमारी से उबरकर पूरी तरह सेहतमंद हो सकते हैं। लेकिन ऐसे खुदगर्ज और गुस्सैल इंसान से बचें, जो आपको तनाव दे सकता है और आपकी परेशानियों में इजाफा कर सकता है। निवेश करना कई बार आपके लिए बहुत फायदेमंद साबित होता है आज आपको यह बात समझ में आ सकती है क्योंकि किसी पुराने निवेश से आज आपको मुनाफा हो सकता है। सामाजिक उत्सवों में सहभागिता का मौका है, जो आपको प्रभावशाली व्यक्तियों के संपर्क में लाएगा। मुमकिन है कि आपके आँसुओं को पोंछने के लिए कोई खास दोस्त आगे आए।

**धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे ।**

**धनुः** व्यस्त दिनचर्या के बावजूद स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। माता-पिता की मदद से आप आर्थिक तंगी से बाहर निकलने में कामयाब रहेंगे। एक मजेदार शाम के लिए दोस्त आपको अपने घर पर बुलाएंगे। आपका प्रिय दिन भर आपको याद करने में समय बिताएगा। अपनी कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए नयी तकनीकों का सहारा लें। आपकी शैली और काम करने का नया अन्दाज उन लोगों में दिलचस्पी पैदा करेगा, जो आप पर नजदीकी से गौर करते हैं। आज आपको अपने कामों को समय पर निपटाने की कोशिश करनी चाहिए।

**मकरः भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी ।**

**मकरः** आज के दिन आप बिना झंझट विश्राम कर सकेंगे। अपनी मांसपेशियों को आराम देने के लिए तैल से मालिश करें। दिन भर भले ही आप धन को लेकर जूझते रहें लेकिन शाम के वक्त आपको धन लाभ हो सकता है। घरेलू मोर्चे पर समस्या खड़ी हो सकती है, इसलिए तोल-मोल कर ही बोलें। काफी वक़्त फोन न करके आप अपने प्रिय को तंग करेंगे। लगता है कि आपके विरष्ठ आज देवदूतों जैसा व्यवहार करने वाले हैं। घर से बाहर निकलकर आज आप खुली हवाओं में टहलना पसंद करेंगे। आज आपका मन शांत होगा जिसका फायदा आपको पूरे दिन मिलेगा।

**कुंभः गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा ।**

**कुंभः** आपके पास अपनी सेहत और रूप-रंग को सुधारने के लिए पर्याप्त समय होगा। अपने धन का संचय कैसे करना है यह हुनर आज आप सीख सकते हैं और इस हुनर को सीख कर आप अपना धन बचा सकते हैं। शाम के समय अपने जीवनसाथी के साथ बाहर खाना या फिल्म देखना आपको सुकून देगा और खुशमिजाज बनाए रखेगा। अगर आपको लगता है कि आपका लवमेट आपकी बातों को समझ नहीं पाता तो आज उनके साथ वक्त बिताएं और अपनी बातों को स्पष्टता के साथ उनके सामने रखें। बेहतर कामकाज के चलते आपको तारीफ मिल सकती है।

**मीनः दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची ।**

**मीनः** बच्चे आपके मुताबिक नहीं चलेंगे, जो आपके झुंझलाहट की वजह बन सकता है। आपको खुद पर नियंत्रण रखना चाहिए, क्योंकि नाराजगी सभी के लिए नुकसानदेह है और यह सोचने-समझने की ताकत को खत्म कर देती है। इससे सिर्फ मुश्किल बढ़ती है। किसी करीबी दोस्त की मदद से आज कुछ करोबारियों को अच्छा-खासा धन लाभ होने की संभावना है। यह धन आपकी कई परेशानियों को दूर कर सकता है। दोस्त शाम के लिए कोई बढ़िया योजना बनाकर आपका दिन खुशनुमा कर देंगे। यात्रा के चलते रुमानी संबंध को बढ़ावा मिलेगा। लंबित व्यावसायिक योजनाएँ शुरू होंगी।



# कितना सही है नाश्ते में दही लेना

**नाश्ते में हम सभी कुछ ऐसा खाना पसंद करते हैं, जो खाने में टेस्टी हो और हमारे शरीर को पूरा दिन काम करने की एनर्जी देता रहे। ऐसे में ज्यादातर लोग किसी ना किसी रूप में नाश्ते में दही खाना पसंद करते हैं। लेकिन क्या नाश्ते में दही लेना एक स्वस्थ विकल्प है**

## पाचक होती है लेकिन नींद दिलाती है

- यदि आपके दिन शुरुआत ही दही के साथ हो रही है तो यह आपको एनर्जी देने के स्थान पर नींद दिला सकती है और शरीर में सुस्ती बढ़ा सकती है। इसलिए दही कभी भी आपके फर्स्ट फूड का भाग नहीं होना चाहिए। हालांकि दही नाश्ते का एक शानदार हिस्सा है। यदि आप इसे खाते समय कुछ खास बातों का ध्यान रखते हैं तब.

## समझे विरोधी बातों का अर्थ

- एक तरफ तो हम कह रहे हैं कि दही नाश्ते में खाना अच्छा है। वहीं दूसरी तरफ यह भी कह रहे हैं कि इसे खाने से सुस्ती बढ़ सकती है। दरअसल, ये दोनों ही बातें सही हैं। दही खाने पर आपको एनर्जी मिलेगी या सुस्ती आएगी, यह इस बात पर निर्भर करता है कि दही खाने का आपका तरीका क्या है।

## इस तरह खाएं और इस तरह ना खाएं दही

- आप नाश्ते में चपाती, पराठा, चिल्ला आदि के साथ दही खा सकते हैं। एक कटोरी दही का सेवन नाश्ते में करना शरीर के लाभकारी होता है और पाचनतंत्र को सही करता है। साथ ही शरीर को दिनभर के लिए ऊर्जा देने में लाभकारी होता है।
- लेकिन नाश्ते में दही का सेवन तभी करना चाहिए जब आप सुबह के समय नाश्ते से पहले कुछ खा या पी चुके हों। जैसे, सुबह की शुरुआत आपने पानी के साथ की हो और फिर चाय-टोस्ट, स्प्राउट्स या ड्राईफ्रूट्स आदि खाए हों। इसके एक घंटे बाद यदि आप नाश्ते में दही का सेवन करते हैं तो आपको नींद नहीं आएगी। आपको गैस बनने की समस्या है तो इन 5 सब्जियों से बचना चाहिए

## खाली पेट नहीं खानी चाहिए दही

- सुबह के समय आप नाश्ते में केवल मीठी दही का उपयोग कर सकते हैं। खट्टी दही खाने से परहेज करें। साथ ही नाश्ते में दही खाते समय आप इसमें एक चम्मच शक्कर मिला सकते हैं। यदि आपको शुगर की समस्या नहीं है तब।
- दिन की शुरुआत यदि किसी भी कारण देरी से हुई हो और आपके पास नाश्ता करने का समय ना हो तो भूलकर भी खाली दही ना खाएं। यदि आप खाली पेट दही खाते हैं तो आपको जबदस्त नींद आएगी और आप खुद को बहुत थका हुआ अनुभव करेंगे।
- ऐसा इसलिए होता है क्योंकि खाली पेट दही खाने से कुछ लोगों को ब्लड प्रेशर कम होने की समस्या हो जाती है। इससे शरीर में ब्लड का फ्लो कम होता है और ऑक्सीजन का स्तर घटने लगता है। यही कारण है कि बहुत तेज नींद आती है और बेहोशी जैसा अनुभव होता है।



# करामाती है मटके के पानी

**आजकल सबसे पहले इंसान चाय-कॉफी पीता है मगर पहले के लोग पानी पीते थे। आयुर्वेद कहता है आपको सूरज से भी पहले उठना चाहिए और तुरंत मटके का पानी पीना चाहिए। ये काम करने से 17 खतरनाक बीमारी खत्म हो जाती हैं।**

मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर, हाई कोलेस्ट्रॉल, डायबिटीज, पाइल्स से परेशान लोगों की संख्या बढ़ चुकी है। इन्हें ठीक करने के लिए केवल दवाई लेना जरूरी नहीं है। पानी पीकर इन जैसी 18 बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है। इसके फायदों के बारे में कवि घाघ लिखते हैं प्रात समै खटिया से उठीकै, पिवै ठंडा पानी। ता घर वैद कबौ नहीं आवै, बात घाघ की मानी।।

कवि घाघ कहते हैं कि सुबह सवेरे उठकर तुरंत बासी मुंह मटके का पानी पीकर फायदे मिलते हैं। यह कई सारी बीमारियों को दूर करता है और वैद्य के पास जाने की कभी जरूरत नहीं पड़ेगी। आयुर्वद में भाव मिश्र ऋषि ने बताया है कि यह पानी कितने सारे रोगों में फायदेमंद साबित हो सकता है।

## बासी मुंह पानी पीने के फायदे

बासी मुंह मटका का पानी 18 बीमारियों का इलाज कर सकता है। जिसमें बवासीर की सूजन, आईबीएस, बुखार, पेट के विकार, जल्दी बुढ़ापा, कुष्ठ त्वचा विकार, मेदोरोग- फैट मेटाबोलिज्म, डायसुरिया, हेमरेजिक डिसऑर्डर, कान के विकार, गले के विकार, सिर के विकार, कमर के विकार, आंख के विकार, वात विकार, पित्त विकार और कफ विकार आते हैं।

## ऐसे करें ये आयुर्वेदिक उपाय

इस उपाय को सुबह सवेरे करना होता है जब आप सोकर उठते हैं। उसमें भी सूरज निकलने से पहले ये उपाय करना ज्यादा फायदेमंद होता है। इसे उठने के तुरंत बाद करना चाहिए, लेकिन कुछ लोगों के लिए तरीके में बदलाव होता है।

## कब नुकसान करता है मटके का पानी?

आयुर्वेदिक एक्सपर्ट के मुताबिक, गर्मी में मटके का पानी पीना चाहिए मगर कफ विकार के रोगी इससे दूर रहें। ऐसे लोग और ठंड में हल्का गुनगुना पानी पी सकते हैं। लेकिन पित्त विकार के रोगियों के लिए गुनगुना पानी नुकसानदायक है।

## ऐसे दिखाता है करामाती असर

जब आप सबसे पहले पानी पीते हैं तो शरीर साफ होने लगता है। आंतों से टॉक्सिन निकलकर रेक्टम तक पहुंच जाते हैं। जिससे पेट आसानी से साफ होता है। कब्ज, डायजेस्टिव ट्रैक्ट और ब्लैडर साफ होने से कई सारी बीमारियां खत्म हो जाती हैं।

## कितना पानी पीना चाहिए?

हर किसी के लिए पानी की मात्रा अलग होती है। यह आपकी आदत के मुताबिक हो सकती है। मगर शुरुआत में 1-2 लीटर पानी पीने से बचें। आप इस हेल्दी आदत की शुरुआत 1-2 गिलास पानी से शुरू कर सकते हैं।



# अपच और बदहजमी से बचाती है हरण

**बदहजमी एक ऐसी समस्या बन गई है, जिससे हर दूसरा व्यक्ति परेशान है। इसकी वजह है शारीरिक गतिविधि में कमी के कारण भोजन का सही तरह से पाचन ना हो पाना और शरीर से वायु तथा अपशिष्ट पदार्थों का पूर्ण रूप से बाहर ना आ पाना। इस स्थिति में शारीरिक गतिविधियों की कमी के चलते बदहजमी और अपच की समस्या लगातार बढ़ रही है।**

## जगह की कमी है तो क्या करें?

- हर समय ना तो हमारे शरीर में इतनी ताकत होती है कि हम घर की बालकनी या लॉबी में ही चहलकदमी कर सकें और मेट्रो सिटीज के ज्यादातर घरों में इतनी जगह होती ही नहीं है कि आप वहां फिजिकल ऐक्टिविटीज करने के बारे में सोच सकें। लेकिन पाचन सही रखने के लिए तो ऐक्टिव रहना जरूरी हैअब क्या करें?
- अगर पाचन कमजोर पड़ा तो संक्रमण को हावी होने में समय नहीं लगेगा। इस स्थिति में जरूरी है कि कुछ ऐसे काम किए जाएं, जो आसान भी हों और प्रभावी भी। तो इनमें पहला काम है हरड़ चूसना और दूसरा काम है वज्रासन में बैठना।
- अगर आप भी घर में स्पेस की कमी के चलते खुद को फिजिकली ऐक्टिव नहीं रख पा रहे हैं तो हरड़ और वज्रासन आपके पाचन को सही रखने में आपके लिए सहायक रहेंगे।
- आप खाना खाने के बाद हरड़ की एक गोली लेकर उसे टॉफी की तरह चूसते रहें। साथ ही इस दौरान वज्रासन में बैठे रहें। इससे आपके पेट में अतिरिक्त गैस और फैट जमा नहीं होगा। ये दोनों चीजें आपको बदहजमी से बचाएंगी और पाचन को सही रखने में मदद करेंगी।

## कहां मिलेगी हरड़?

- हरड़ आपको किसी भी उस मेडिकल स्टोर पर मिल सकती है, जहां आयुर्वेदिक दवाएं मिलती हैं। इसके साथ ही इंडियन फूड स्टोर्स पर भी आपको हरड़ आराम से मिल जाएगी।
- यह स्वाद में किसी हल्की मसालेदार टॉफी की तरह होती है और इसमें हल्का कसैला स्वाद भी होता है। आप इसे चूसकर खाएंगे तो जल्द लाभ होगा यदि दिक्कत हो तो आप इसे फटाफट चबाकर खाएं और फिर एक-दो घूंट पानी पी लें।





# साइलेंट किलर है हेपेटाइटिस बी

**खाना पचाने और हेल्दी कोलेस्ट्रॉल बनाने के लिए लिवर जरूरी है। मगर हेपेटाइटिस बी के कारण कुछ ही दिनों में यह फेल हो सकता है, इसलिए इन लक्षणों को कभी नजरअंदाज ना करें।**

पेट के ठीक ऊपर हमारा लिवर होता है, जो खाना पचाने में मदद करता है। बहुत कम लोग जानते हैं कि ये अंग शरीर में हेल्दी कोलेस्ट्रॉल का निर्माण भी करता है, जो कि गंदे कोलेस्ट्रॉल को भी निकालता है। लिवर का स्वस्थ रहना हमारी सेहत के लिए बहुत जरूरी है। हेपेटाइटिस एक वायरल इंफेक्शन है, जिसके कई सारे टाइप होते हैं। जो कि लिवर के टिश्यू में इंफ्लामेशन आने से होता है। डब्ल्यूएचओ कहता है कि हेपेटाइटिस का बी वायरस इसका सबसे खतरनाक प्रकार है और यह जानलेवा साबित हो सकता है। यह बिना बताए लिवर इतना खराब कर देता है कि अंग फेल भी हो सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन कहता है कि अधिकतर लोगों में हेपेटाइटिस बी की शुरुआत होने पर कोई लक्षण नहीं दिखता है। जिसकी वजह से इसे पकड़ना काफी मुश्किल हो जाता है और इस वायरस से लिवर सिरोसिस व लिवर कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। बता दें कि इसके लक्षण दिखने में 30 से 180 दिन लग सकते हैं और तबतक बीमारी काफी बढ़ जाती है।

## नजरअंदाज ना करें ये चीजें

डब्ल्यूएचओ के मुताबिक ही कुछ लोगों में या बीमारी के गंभीर होने पर मरीज को कुछ दिक्कतें होने लगती हैं, जिसे अधिकतर लोग आम समझ लेते हैं। मगर इन्हें नजरअंदाज करना भारी हो सकता है, इसलिए इन लक्षणों के दिखने पर डॉक्टर के पास जरूर जाएं।

## हेपेटाइटिस बी के लक्षण

- त्वचा पीली पड़ना
- आंखें पीली होना
- पेशाब का रंग बदलना
- बहुत ज्यादा थकान होना
- जी मिचलाना
- उल्टी
- पेट में दर्द होना

## कुछ ही दिनों में फेल हो सकता है लिवर

हेपेटाइटिस बी का इलाज ना करवाने पर कुछ लोगों में एक्यूट लिवर फेलियर हो सकता है। ये समस्या काफी घातक होती है, क्योंकि इसकी वजह से कुछ ही दिनों या हफ्तों में लिवर काम करना पूरी तरह बंद कर देता है।

## गर्भवती महिला और नवजात को अधिक खतरा

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन बताता है कि डिलीवरी के दौरान महिला से शिशु को हेपेटाइटिस बी होना काफी आसान है। वहीं, 5 साल तक के बच्चों को भी इसका खतरा अधिक होता है।

## हेपेटाइटिस बी कैसे फैलता है?

यह खतरनाक वायरस संक्रमित खून, सुई, टैटू, कान-नाक छिदवाना या सेमिनल फ्लूइड के संपर्क में आने से फैलता है। इसका वायरस शरीर से बाहर 7 दिनों तक जिंदा रह सकता है।



# विटामिन-सी की कमी को पूरा करेंगे ये 5 फल

शरीर को वक्त-वक्त पर हर तरह के विटामिन की जरूरत पड़ती है। शरीर में इसकी कमी होने पर उसका असर हेल्थ पर पड़ने लगाता है और काम पर भी प्रभाव पड़ने लगता है। हालांकि भारत जैसे देश में हर चीज के कई सारे विकल्प मौजूद होते हैं इसलिए अधिक परेशानी भी नहीं होती है। लेकिन कहते हैं संतरे में विटामिन सी की प्रचुर मात्रा पाई जाती है लेकिन अगर वह नहीं मिलते हैं तो अन्य फलों का सेवन कर सकते हैं। इससे आपको विटामिन सी की कमी नहीं होगी। तो आइए जानते है संतरे के बजाए किन फलों से विटामिन-सी बढ़ता है

- **मनुक्का दाख**- मनुक्का से खून जरूर बढ़ता है। साथ ही इसमें मौजूद तत्व में विटामिन सी की मात्रा भी पूरी होती है। इसलिए आप इसे पानी में गलाकर इसका सेवन कर सकते हैं। कमजोरी लगने पर आप मनुक्का पर काला नमक लगाकर भी खा सकते हैं।
- **अंगूर**- जी हां, अंगूर में भी विटामिन सी की भरपूर मात्रा पाई जाती है। इसके सेवन से टीबी और कैंसर जैसी बीमारी में भी निजात मिलती है। संतरे की जगह पर आप इसे आराम से खा सकते हैं।
- **नींबू**- नींबू को संतरे का पर्याय कहना गलत नहीं होगा। जी हां, इसमें अधिक मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है। कई बार नींबू खाने मात्र से हड्डियां और मांसपेशियां दुखने में आराम मिलता है।
- **स्ट्रॉबेरी**- इसमें विटामिन सी की 84.7 मिलीग्राम मात्रा पाई जाती है। इसके सेवन से आपको काफी राहत मिलेगी। डॉक्टर भी इसका सेवन करने की सलाह देते हैं।
- **ब्रोकली**- आज के टाइम में यह काफी ट्रेंडिंग फूड बन गया है। यूथ इसका सेवन बड़े शौक से करते हैं। इसमें करीब 132 मिली ग्राम विटामिन सी पाया जाता है। इसके सेवन से कई जानलेवा बीमारियों से भी निजात मिलती है।

# घरेलू उपचार से कब्ज की समस्या का छुटकारा

**कब्ज की समस्या को दूर करने के लिए यहां पर आपको ऐसे घरेलू नुस्खे के बारे में बताया जाएगा, जिसका सेवन करने से आपको प्रभावी रूप से फायदा मिलेगा। इतना ही नहीं, इसके दुष्प्रभाव का जोखिम भी काफी कम है।**

कब्ज एक ऐसी समस्या है जो आजकल न केवल बुजुर्गों को बल्कि युवाओं को भी परेशान करने लगी है। खान-पान में अनियमितता और डायट में गड़बड़ी के कारण आपको भी कभी न कभी कब्ज की समस्या से जूझना पड़ा होगा। इस समस्या से निजात पाने के लिए कई प्रकार के घरेलू नुस्खे आप जानते होंगे। लेकिन आज यहां आपको एक खास नुस्खे के बारे में बताया जाएगा, जो थोड़ी ही देर में फायदा पहुंचा सकता है। इस नुस्खे को तैयार करने के लिए आप किचन में ही मौजूद सामग्रियों का उपयोग कर सकते हैं। इसके साथ-साथ इसका सेवन करने से आपको किसी प्रकार के गंभीर जोखिम का खतरा भी न के बराबर होता है। आइए अब इसके बारे में अब विस्तारपूर्वक बताते हैं.इस घरेलू नुस्खे को तैयार करने के लिए यहां पर आपको सबसे पहल सामग्री और उसे तैयार करने की विधि के बारे में बताया जा रहा है।



**सामग्री** - 2 गिलास पानी, चम्मच जीरा, चुटकी भर काला नमक

**बनाने की विधि** - सबसे पहले पानी में जीरे को लगभग 5 मिनट तक उबालें। इस पानी को छानकर एक गिलास में रखें और ऊपर से चुटकी भर नमक मिलाएं। हल्का ठंडा हो जाने पर घूंट-घूंट कर इसका सेवन करें।

संक्षिप्त खबरें

## अतिक्रमणकारियों को चेतावनी, सफेद पट्टी लांघी तो कार्रवाई तय

**गाजियाबाद।** जाम के लिए नासूर बना लालकुआं क्षेत्र शनिवार को छावनी में तब्दील कर दिया गया। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने लालकुआं स्थित दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे ओवर ब्रिज से औद्योगिक क्षेत्र तक अभियान चलाकर सड़क पर रखे सामान हटवाए और 226 अतिक्रमणकारियों को बीएनएस 152 के अंतर्गत चालान किए गए। उधर, ट्रांस हिंडन क्षेत्र में भी एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव के नेतृत्व में स्वर्ण जयंती पार्क को जाममुक्त कराया गया। अतिक्रमण करने वाले 425 के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई। एसीपी प्रियाश्री पाल ने बताया कि लालकुआं चौराहे पर अभियान चलाकर अवैध पार्किंग पर वाहन खड़े करने वाले 37 अतिक्रमणकारियों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई है। जबकि सड़कों पर ठेले, फड़, अस्थायी दुकानें लगाने वाले और अपने-अपने शोरूम और दुकानों के बाहर अतिक्रमण करने 226 अतिक्रमणकारियों के खिलाफ बीएनएस 152 के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। यातायात बाधित करने वाले फ्लैक्स, साइन बोर्ड और होर्डिंग आदि को भी अभियान चलाकर हटाया गया है। इसके साथ ही सड़क पर पुलिस निगरानी में सफेद पट्टी खींची गई है। आसपास के लोगों को हिदायत दी गई है कि सफेद पट्टी के अंदर अतिक्रमण किया तो उनका सामान भी जब्त होगा और जुमार्ना भी लगाया जाएगा। बताया कि लालकुआं पर अतिरिक्त नागरिक पुलिस और यातायात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। उधर, एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि इंदिरापुरम स्थित स्वर्ण जयंती पार्क को जाम मुक्त कराने के लिए बैनर और बोर्ड हटाए गए हैं। अवैध पार्किंग करने वाले 37 लोगों पर मोटरव्हीकल एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई है और 425 अतिक्रमणकारियों पर बीएनएस 152 के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि सड़कों पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

## मुंबई को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला ज्योतिषी गिरफ्तार, पुलिस ले गई अपने साथ

**नोएडा :** अनंत चतुर्दशी के दिन मुंबई को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले ज्योतिषी को मुंबई पुलिस ने शुक्रवार देर रात सेक्टर-77 स्थित सिविटेक स्टेडिया सोसाइटी से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान मूल रूप से पटना निवासी अश्विनी कुमार के रूप में हुई है। वह पांच साल से नोएडा में रह रहा था। मुंबई पुलिस उसे अपने साथ ले गई है। इस मामले में मुंबई पुलिस ने एक अन्य आरोपी अंकित गुप्ता को भी गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने पूर्व साथी से बदला लेने के लिए उसके नाम से मैसेज किया था। मुंबई की यातायात पुलिस के कंट्रोल रूम में बृहस्पतिवार को व्हाट्सएप पर फिरोज के नाम से धमकी भरा मैसेज मिला था। इसमें दावा किया गया था कि लश्कर-ए-जिहादी के 14 आतंकी मुंबई में दाखिल हो चुके हैं और 400 किलो आरडीएक्स 34 गाड़ियों में लगाकर बड़ा धमाका करने वाले हैं। इस सूचना पर मुंबई पुलिस ने जांच शुरू की तब आईपी एड्रेस व नंबर का लोकेशन नोएडा आया। मुंबई पुलिस के अपर पुलिस आयुक्त ने पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर संपर्क कर समन्वय स्थापित किया। इसके बाद मुंबई पुलिस की टीम ने नोएडा पुलिस की मदद से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से सात मोबाइल, तीन सिम, छह मेमोरी कार्ड और चार सिम होल्डर समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। अश्वनी सोसाइटी में माता-पिता के साथ रहता है।

## यूपीआई आईडी बनाकर खाते से 2.71 लाख रुपये

**नोएडा:** कोतवाली क्षेत्र के हरबर्टपुर में एक व्यक्ति के बैंक खाते की यूपीआई आईडी बनाकर 2.71 लाख रुपये निकाल लिए। बैंक की पासबुक में एंट्री करवाने पर व्यक्ति को धोखाधड़ी का पता चला। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी और अन्य संबंधी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी विनोद सिंह गुसाईं ने बताया कि शनिवार को हरबर्टपुर के आसनबाग निवासी सदर सिंह ने साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल किया। उन्होंने बताया कि 11 दिसंबर 2022 से एक व्यक्ति उनकी यूपीआई आईडी बनाकर रुपये निकाल रहा है। बैंक में पासबुक की एंट्री करवाने पर उनको पता चला कि विभिन्न यूपीआई आईडी पर 2,71,048 रुपये भेजे गए हैं। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि साइबर क्राइम थाने से कोतवाली को सूचना भेजी गई। उन्होंने बताया कि अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी और अन्य संबंधी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## पुलिस ने नोटिस देकर हटवाया अवैध अतिक्रमण

**इंदिरापुरम।** थानाक्षेत्र स्थित स्वर्ण जयंती पार्क के पास करीब 500 मीटर की सड़क पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटवाकर पुलिस ने रास्ते को खाली कराया। शनिवार को एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव और उनकी टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की।

# बाढ़ ने दी मानसिक व शारीरिक चोट... बर्बाद हो गईं फसलें, मच्छर और जलजनित बीमारियों का खतरा



**नई दिल्ली :** बाढ़ के बाद प्रभावित क्षेत्रों में जल और मच्छर जनित सहित कई दूसरी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। यमुना का पानी अब धीरे-धीरे उतर रहा है। ऐसे में मलेरिया, डेंगू, चिकगुनिया, हैजा, त्वचा और श्वसन संबंधी बीमारियों की चपेट में लोगों के आने की संभावना बढ़ गई है।

सफदरजंग अस्पताल के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग प्रमुख डॉ. जुगल किशोर ने कहा कि बाढ़ के आने और उसका पानी उतरने पर कई तरह की समस्या देखने को मिलती है। बाढ़ में सांप और दूसरे कीड़-मकौड़े के काटने की घटना बढ़ जाती हैं। बाढ़ से कुत्ते भी हमलावर होकर काट लेते हैं। बाढ़ की चपेट में आने पर व्यक्ति को डायरिया और आई फ्लू हो जाता है। जब बाढ़ का पानी कम होने लगता है तो मच्छर जनित बीमारियों के होने की संभावना बढ़ जाती है। साथ ही बाढ़ से प्रभावित ऐसे लोग जो पहले से किसी बीमारी से जूझ रहे होते है दवा का सेवन न करने की वजह से उनकी परेशानी और बढ़ जाती है। ऐसे में लोग साफ-सफाई का जरूर ध्यान रखें।

### बाढ़ प्रभावितों और मवेशियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता : कपिल

बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत एवं बचाव कार्य तेज कर दिए गए हैं। शुक्रवार रात 9 बजे कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने पुराने रेलवे पुल के पास स्थित प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर हालात का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से उस गोशाला का भी दौरा किया जहां बाढ़ के पानी में फंसी मवेशी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार की टीमें और अधिकारी मौके पर तैनात हैं। रात 11 बजे के बाद गाड़ियों की मदद से इन पशुओं को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया जाएगा। बाढ़ प्रभावित लोगों व पशुओं दोनों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। गोशाला में फंसे बछड़ों और गायों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने की पूरी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने गोरक्षा दल के युवाओं की सेवा भावना की सराहना की जो लगातार तीन दिनों से गोशाला में फंसे पशुओं की देखभाल कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि जहां पशुओं को बाहर निकालना संभव नहीं है वहां उनके भोजन और देखभाल की व्यवस्था की जा रही है। सरकार की ओर से प्रभावित परिवारों के लिए भोजन, टेंट और अन्य जरूरी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं।

### बर्बाद हो गई फसलें, अब पानी उतरने का इंतजार

यमुना में उफान आने से न केवल लोग बेघर हुए हैं बल्कि किसानों की सारी फसलें भी बर्बाद हो गई हैं। इससे किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। ऐसे में यमुना खादर, चिल्ला, पुराना उस्मानपुर, गढ़ी मांडू और सोनिया विहार के किसान यमुना का जलस्तर कम होने का इंतजार कर रहे हैं ताकि वह फिर से खेतों में लौटकर नई फसलें लगा सकें। यमुना डूब क्षेत्र में किसानों ने अधिकतर सब्जी की फसलें उगाईं थीं। इनमें बैंगन, भिंडी, लौकी, मूली, गाजर, टमाटर, गोभी, मटर, आलू, प्याज और मिर्च समेत अन्य फसलें शामिल थीं। किसानों ने बताया कि वह फसलें उगाने के लिए जमीन को पट्टे पर लेते हैं। इसके लिए वह अपने रिश्तेदारों, दोस्तों और बैंकों से लोन लेते हैं। उनका कहना है कि उगाई हुई फसलों में से कुछ हिस्सा वह अपनी जरूरतों के मुताबिक रख लेते हैं, बाकी कि फसलें वह पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार फेस-1, मयूर विहार फेस-2, पांडव नगर, त्रिलोकपुरी, लक्ष्मी नगर, शकरपुर, गाजीपुर अनाज मंडी व अन्य इलाको में बेच देते हैं। फसल बेचकर जो पैसे आते हैं, उसी से ब्याज और उधार के पैसे देते हैं लेकिन बाढ़ ने सब कुछ बर्बाद कर दिया है।

### यमुना की बाढ़ ने दी मानसिक व शारीरिक चोट

पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार पल्ला क्षेत्र में आई बाढ़ ने दिल्ली वालों को मानसिक के साथ शारीरिक चोट भी पहुंचाई है। अपने आशियाने के साथ जमा-पूंजी बचाने के दौरान लगी चोटें शायद ही वह कभी भुला पाएं। यही नहीं, यमुना नदी के उफान ने न केवल लोगों के घर उजाड़े, बल्कि उनकी सेहत पर भी गहरा असर डाला है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में बने राहत शिविरों में चोटिल और बीमार लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही है। शनिवार को विभिन्न राहत शिविरों में 200 से अधिक लोगों का इलाज किया गया, जिनमें बच्चों की संख्या सबसे ज्यादा रही। ऐसे में जो सरकारी और निजी संस्थाएं कभी इन लोगों तक पहुंचती भी नहीं पाती थीं, मौजूदा समय में वह उनकी इन घावों को भरने का प्रयास कर रहीं हैं।

## कांग्रेसियों ने विभिन्न मांगों को लेकर तहसील पर किया प्रदर्शन

**मोदीनगर।** कांग्रेस कार्यकताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर शनिवार को तहसील मुख्यालय पर हंगामा करते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने पब्लिक स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों को पीएफ समेत अन्य सुविधाएं देने की मांग की। कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन नायब तहसीलदार को दिया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील शर्मा के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता शनिवार को एकत्र होकर मोदीनगर तहसील पहुंचे और जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। आक्रोशित कांग्रेसी नारेबाजी करते हुए अधिकारी गलियारे में उपजिलाधिकारी कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए। सुनील शर्मा ने मांग करते हुए कहा कि पब्लिक स्कूलों के शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों को भी सरकारी स्कूलों की भांति सुविधाएं मिलनी चाहिए। उन्होंने पीएफ, ईएसआई और बोनस समेत अन्य सुविधाएं देने की मांग की। इस अवसर पर बृजेश सैन, शांतनु, विशाल कौशिक, रमेश चौधरी, अमर पासी, चांदवीर चौधरी, मुकुल शर्मा, विनोद गुप्ता, अभिनव शर्मा, अमजद खान, कल्पना सिंह और मुकुल शर्मा आदि मौजूद रहे।

## 8.76 ग्राम हेरोइन के साथ कुंजाग्रांट का पेंटर गिरफ्तार

**नोएडा :** सहसपुर कोतवाली पुलिस ने शनिवार को धमार्वाला से तिमली की ओर जाने वाले रास्ते से विकासनगर कोतवाली क्षेत्र के कुंजाग्रांट निवासी अब्दुलगनी को पकड़ा। उसके पास से पुलिस को 8.76 ग्राम हेरोइन मिली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपी ने बताया कि वह उत्तरप्रदेश के सहारनपुर जिले के मिजार्पुर निवासी एक व्यक्ति से हेरोइन खरीदकर लाया था। कोतवाली प्रभारी शंकर सिंह बिष्ट ने बताया कि पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। पुलिस टीम ने धमार्वाला से तिमली की ओर जाने वाले रास्ते पर एक युवक को अपनी ओर आते हुए देखा। पुलिसकर्मियों ने युवक को रुकने का इशारा किया। युवक पुलिस को देख वापस जाने लगा। पुलिस ने पीछा कर युवक को पकड़ लिया। युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से हेरोइन मिली। हेरोइन की मात्रा 8.76 ग्राम थी। युवक ने बताया कि वह पेंटर है और घरों में पुताई का कार्य करता है। उसने बताया कि वह मिजार्पुर से हेरोइन खरीद कर लाया था। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# 21 साल के कुणाल को आया हार्ट अटैक: गणेश विसर्जन के दौरान नाच रहा था डीजे पर, गम में बदल गईं खुशियां

**युवक की मौत का पता चलते ही लोगों की खुशियां गम में बदल गई। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस अधिकारियों ने जब पोस्टमार्टम की बात की तो परिजन नाराज हो गए। इस दौरान कुछ लोगों ने हंगामा भी किया।**

**नई दिल्ली :** मध्य दिल्ली के पटेल नगर स्थित बलजीत नगर में शनिवार शाम गणेश विसर्जन के दौरान एक हादसा हो गया। यहां डीजे की धुन पर नाचते-नाचते एक युवक अचेत होकर गिर गया। उसको नजदीकी बीएल कपूर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त कुणाल (21) के रूप में हुई है।

युवक की मौत का पता चलते ही लोगों की खुशियां गम में बदल गईं। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस अधिकारियों ने जब पोस्टमार्टम की बात की तो परिजन नाराज हो गए। इस दौरान कुछ लोगों ने हंगामा भी किया।

पुलिस अधिकारियों का कहना था कि युवक की मौत की वजह पता लगाने के लिए उसका पोस्टमार्टम करवाना जरूरी है।



हालांकि आशंका व्यक्त की जा रही है कि हार्ट अटैक से युवक की मौत हुई।

पुलिस के मुताबिक कुणाल प्राइवेट नौकरी करने के अलावा पढ़ाई भी कर रहा था। शनिवार को मोहल्ले से गणपति बप्पा की विदाई होना थी। पूरे मोहल्ले वाले खुशियां मनाते हुए डांस कर रहे थे। गणेश विसर्जन के लिए सभी को बवाना जाना था। घर के पास ही कुणाल बाकी लड़कों के साथ डांस कर रहा था। नाचते-नाचते वह बैठ गया और अचेत हो गया।

# मनी ट्रांसफर कर्ता से एक करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप





**साहिबाबाद।** टीलामोड़ क्षेत्र के गरिमा गार्डन मेन बाजार निवासी जावेद क्षेत्र के ही रहने वाले दो भाई राशिद और सलमान पर एक करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। जावेद पेशे से मनी ट्रांसफर का काम करते हैं। अलग-अलग समय पर रुपये ट्रांसफर कराने और उसके बाद किसी अन्य व्यक्ति के प्लॉट को अपना बताकर बिक्री करने का आरोप पीड़ित ने दोनों भाइयों पर लगाया है। पुलिस ने पांच सितंबर की रात कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

दर्ज मुकदमे में जावेद ने बताया कि राशिद और सलमान कई वर्षों से उनके साथ जुड़े थे। अक्सर दोनों अपने बैंक खातों में रुपये जमा कराते थे और उन्हें नकद रकम दे देते थे। इस वजह से उन्हें भी उन पर भरोसा हो गया था। काफी समय से दोनों भाई टाल मटोल करते हुए उनसे रुपये ट्रांसफर कराते रहे लेकिन उन्हें नकदी नहीं दी। रकम अब तक एक करोड़ हो चुकी है। बताया कि वर्ष 2022 में सलमान ने भाई राशिद की बीमारी का बहाना बताते हुए रुपयों की जरूरत बताई। साथ ही राशिद का पसौंडा के अशोक वाटिका स्थित 600 गज प्लॉट को बेचने का झांसा दिया। प्लॉट का सौदा आरोपी ने 1.50 करोड़ रुपये में किया।

उनके एक करोड़ रुपये राशिद के पास थे और बाकी 50 लाख रुपये रजिस्ट्री के समय देने की बात तय हुई। आरोप है कि जब उन्होंने अपने स्तर से जांच की तब पता चला कि प्लॉट राशिद का है ही नहीं। हालांकि तब तक आरोपी उनसे प्लॉट बिक्री के लिए हुए अनुबंध के दस्तावेज छीन चुके थे। आरोप है कि रुपये वापस मांगने पर जावेद को जान से मारने और झूठे केस में फंसाने की धमकी दी गई। पुलिस थाने में सुनवाई न होने पर पीड़ित ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। तब कहीं जाकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि पीड़ित की ओर से आरोपियों के खाते में भेजी गई रकम के रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# रिश्वत लेते हुए वायरल वीडियो के बाद मंडी के निदेशक ने दिए जांच के आदेश



**साहिबाबाद।** नवीन फल एवं सब्जी मंडी के सचिव का रिश्वत लेते हुए शुक्रवार को वायरल वीडियो मंडी निदेशक तक पहुंच गई। वायरल वीडियो के बाद निदेशक ने इस मामले जांच बिठा दी है। मंडी के डिप्टी डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन राजीव राय को जांच के लिए कहा गया है।

मंडी निदेशक इंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि पैसे लेते हुए मंडी सचिव की एक वीडियो उन तक पहुंची है। इस पर संज्ञान लेते हुए उन्होंने इस मामले में जांच बिठा दी है। मंडी के उप निदेशक राजीव राय को जांच के लिए कहा गया है।

वह इस मामले में सभी पक्षों को सुनने के बाद अपनी रिपोर्ट जमा करेंगे। दूसरी ओर वीडियो वायरल के बाद शनिवार को दिनभर मंडी में व्यापारियों के बीच इसी वीडियो की चर्चा रही। व्यापारियों ने मंडी सचिव के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई। व्यापारियों में गुस्सा बढ़ गया है। व्यापारियों का कहना है कि मंडी सचिव पैसे बनाने के चक्कर में ही सब्जी मंडी में गेट नंबर 3 के पास बनी हुई 40 दुकानों को अवैध निर्माण बताकर तोड़ दिया गया।

व्यापारियों ने आरोप लगाया कि यहां के व्यापारियों से भी कुछ गार्डों के जरिए अतिरिक्त रुपये की मांग की गई गरीब व्यापारी जब मांगों को पूरा नहीं कर पाए तो उनके दुकानों को ही तोड़ दिया गया।

### शुरू से विवादों में रहे मंडी सचिव

सुनील शर्मा ने जुलाई 2024 में साहिबाबाद सब्जी मंडी में मंडी सचिव का पदभार ग्रहण किया था। उसके बाद से ही वह विवादों में रहे। मंडी के अंदर रास्तों पर अतिक्रमण के मामले में पहले उन्होंने पीली लाइन खिंचवाई उसके बाद काफी दिनों तक उनके ऊपर अवैध रूप से मंडी के अंदर नारियल के ट्रकों को रुपये लेकर खड़ी करवाने के आरोप लगे।

फिर वृहद स्तर पर कई बार अवैध निर्माण और अतिक्रमण हटाने के भी आरोप लगाए गए थे। व्यापारियों ने कई बार मंडी समिति कार्यालय पर भी जमकर प्रदर्शन किया था और सचिव के कार्रवाई को भेदभाव पूर्ण करने का आरोप लगाया था।

# 250 से अधिक बाइकें चोरी करने वाला राजन गैंग का खुलासा



**गाजियाबाद।** क्राइम ब्रांच और क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस ने कई राज्यों में 250 से अधिक बाइकें चोरी करने वाले राजन गैंग का खुलासा किया है। गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार किए गए हैं और इनकी निशानदेही पर 15 चोरी की बाइकें बरामद हुई हैं। गिरोह चेन स्नेचर्स को ऑन डिमांड बाइक चोरी कर बेचता था और अन्य चोरी की बाइकों को दिल्ली के कबाड़ियों और नंबर प्लेट बदलकर ग्राहकों को बेचकर रुपये बांटता था।

एसीपी अपराध सूर्यबली मौर्य ने बताया कि शुक्रवार की रात एबीएस तिराहा पर चेकिंग के दौरान पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। इनकी निशान देही पर दो बुलेट बाइकें, दो पल्सर, दो पैशन प्रो, तीन स्प्लेंडर, तीन स्कूटी, तीन अपाचे बाइक और चार फर्जी नंबर प्लेट की बाइकें बरामद की गई हैं। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम रोहन चौधरी उर्फ राजेश उर्फ राजन (31) निवासी चर्च कंपाउंड कस्बा व थाना मुरादनगर, हाल निवासी रेलवे कॉलोनी मंडावली थाना मंडावली दिल्ली, इरफान (46) निवासी ग्राम धीमरखेड़ा थाना आईटीआई जनपद उधम सिंह नगर उत्तराखंड, अश्वनी मिश्रा (43) निवासी बिहार त्रिवेणी नगर नैनी थाना नैनी प्रयागराज हाल निवासी बंघेल थाना फेस-दो जनपद गौतमबुद्धनगर, मेजर सिंह (45) निवासी ग्राम रजापुर थाना सदर पानीपत जनपद पानीपत हरियाणा और अश्वनी शर्मा (23) निवासी नंदग्राम बताए हैं।

### चेन स्नेचर्स की ऑन डिमांड पर चोरी करते थे हाई स्पीड बाइक

राजन गैंग दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र में बाइकों की चोरी को अंजाम देता था। गिरोह चेन स्नेचर्स की ऑन डिमांड पर हाई स्पीड बाइक चोरी करता था और फर्जी नंबर प्लेट लगाकर उन्हें बेच देता था। बाकी बाइकों को खुद ग्राहक खोजकर 20 से 25 हजार रुपये में बाइक बेच देता था। गिरोह का पकड़ा गया सदस्य मेजर सिंह मनप्रीत उर्फ गोल्डी के साथ मिलकर दिल्ली के मायापुरी में दुपहिया वाहनों को बिकवाने व कटवाने का काम करते थे। एलएन चाबी से बाइक को चार से पांच सेकंड में चोरी कर लेते थे। यह गिरोह दुपहिया वाहन चोरी कर क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र की निमार्णाधीन सोसायटी अंसल एक्वापोलिस में छिपाकर रखता था।

### रोहन और अश्वनी पर है हत्या का आरोप

गैंग का सरगना रोहन चौधरी मूल रूप से मुरादनगर का रहने वाला है। वर्ष 2007 में थाना रोहिणी सेक्टर-सात दिल्ली से हत्या के मामले में रोहन जेल जा चुका है, इस दौरान वह नाबालिक था। इसके बाद वह गुड़गांव हरियाणा से भी हत्या के आरोप में जेल गया था। रोहन चौधरी के खिलाफ दो हत्या सहित 20 मुकदमे वाहन चोरी के दर्ज हैं।

## पीईटी व मूर्ति विसर्जन की भीड़ से चरमराया यातायात, लगा जाम

**गाजियाबाद।** शहर में पीईटी के अभ्यर्थियों की भीड़ और गणपति मूर्ति विसर्जन के लिए अलग-अलग क्षेत्रों से निकले शोभायात्रा के चलते शनिवार को हर तरफ जाम की स्थिति रही। रूट डायवर्जन व्यवस्था फेल हो गई। मेरठ रोड सहित शहर के कई मुख्य मार्गों पर रात तक जाम लगा रहा। गंगनहर पहुंचे अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आलोक प्रियदर्शी को भी जाम से रुबरू होना पड़ा। परीक्षा के लिए बाहरी जनपदों से करीब एक लाख आठ हजार अभ्यर्थी शहर में जुटे थे। वहीं मूर्ति विसर्जन के लिए गंगनहर व हिंडन घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ का दबाव शनिवार दोपहर से था।

ऐसे में वाहनों का दबाव अधिक होने पर रूट डायवर्जन की व्यवस्था चरमरा गई। अधिकांश मुख्य मार्ग जाम की गिरफ्त में रहे। दोपहर को मेरठ रोड स्थित गंगनहर से मुरादनगर बस स्टैंड तक करीब छह किलोमीटर लंबा जाम लगा। मेरठ से गाजियाबाद तक 40 मिनट का सफर वाहनों ने रेंगकर डेढ़ से दो घंटे में पूरा किया। हालांकि मेरठ के जानी और नानू से गंगनहर पटरी होकर मुरादनगर आने वाले वाहनों का आवागमन यातायात पुलिस ने बंद कर रूट डायवर्जन रखा।

# इमरजेंसी में बेड खाली, स्ट्रेचर पर कराहते हैं मरीज



**गाजियाबाद।** एमएमजी अस्पताल में बेड खाली होने के बाद भी मरीजों को भर्ती नहीं किया जा रहा है। इस कारण इलाज के लिए आए मरीजों को स्ट्रेचर पर लेटने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। अस्पताल प्रबंधन का दावा है कि सभी बेड मरीजों से भरे पड़े हैं, जबकि रिकॉर्ड के अनुसार 60 से 75 बेड ऑक्यूपेंसी दशार्या जा रहा है। इस रवैए से न केवल मरीज बल्कि उनके तीमारदार भी हताश और नाराज हैं। शनिवार को एमएमजी अस्पताल में 2316 मरीजों ने पंजीकरण कराया। इनमें 1105 महिलाएं, 810 पुरुष और 401 बच्चे थे। इन मरीजों में अधिकतर को वायरल फीवर, पेट दर्द, उल्टी-दस्त, खांसी, जुकाम, स्किन एलर्जी, रक्तचाप, मधुमेह जैसी समस्याएं थीं। कई मरीज ऐसे भी थे जिन्हें लंबे समय से बुखार की शिकायत थी और प्राथमिक इलाज के बाद भी आराम नहीं मिला। वहीं, बच्चों में डायरिया और सर्दी-जुकाम के मामले अधिक सामने आए। इन बीमारियों से जूझते मरीजों को इलाज की जरूरत है लेकिन संसाधनों की कमी और अव्यवस्था के चलते उन्हें समुचित उपचार नहीं मिल पा रहा। इमरजेंसी में 85 मरीजों का इलाज हुआ। इसमें से 112 मरीज भर्ती किए गए जबकि छह को रेफर करना पड़ा।

### गंभीर मरीजों के लिए बेड रिजर्व का दिया हवाला

इमरजेंसी ड्यूटी में मौजूद ईएमओ डॉ. डीके वर्मा ने कहा कि इमरजेंसी के बेड किसी घटना-दुर्घटना के लिए रिजर्व रखे गए हैं। इसलिए सामान्य मरीजों को बेड पर भर्ती नहीं किया जा रहा है।

### पेट में दर्द और उल्टी-दस्त का मरीज दो घंटे तक स्ट्रेचर पर पड़ा रहा

नंदग्राम निवासी भोला (48) को दो दिन से पेट में दर्द और उल्टी-दस्त की शिकायत हो रही थी। शनिवार को पत्नी ने इमरजेंसी में भर्ती कराया लेकिन उन्हें बेड नहीं दिया गया। वह स्ट्रेचर पर ही लेटे रहे। भोला ने दोपहर एक बजे बताया कि वह दो घंटे से स्ट्रेचर पर पड़े हैं।

### इमरजेंसी से जाने के लिए बोला, नहीं मिला बेड

विजय नगर निवासी बुजुर्ग इलमचंद (85) को कई दिन से बुखार होने के साथ ही खांसी की परेशानी हो रही थी। उन्हें शनिवार को इमरजेंसी में भर्ती कर ग्लूकोज की बोतल लगा दी गई। कुछ देर के बाद उनसे कहा गया कि बेड खाली नहीं है। इसलिए उन्हें ले जाओ।

पिता का इलाज कराने आए उनके बेटे ने बताया कि पिता के नाम से आयुष्मान कार्ड भी बना है लेकिन उन्हें बेड नहीं मिल पा रहा है।

### मामले की होगी जांच

सीएमएस डॉ. राकेश कुमार का कहना है महिला वार्ड में बी-ब्लॉक बंद कर दिया गया है, इसके अलावा नेत्र रोग विभाग के 15 बेड भी खाली रहते हैं। उन पर सिर्फ आंख के ऑपरेशन वाले मरीज भर्ती होते हैं। इसके अलावा ऑपरेशन के बाद छह बेड रिकवरी के खाली रहते हैं। यह बेड ऑक्यूपेंसी की क्षमता को कम करते हैं। सीएमएस का कहना है कि बेड खाली होने पर भी मरीजों को भर्ती नहीं गया तो यह गंभीर मामला है। इसकी जांच कराई जाएगी।

एशिया कप 2025 से ठीक पहले पूर्व इंग्लिश खिलाड़ी ने आखिर क्यों कहा ऐसा

# सूर्यकुमार यादव से छीन लेना कप्तानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम एशिया कप 2025 में सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में अपने खिताब की रक्षा करने के लिए मैदान पर उतरेगी। सूर्यकुमार यादव पहली बार एशिया कप में टीम इंडिया की कप्तानी करने जा रहे हैं, लेकिन इस टूर्नामेंट के शुरू होने से ठीक पहले पूर्व इंग्लिश खिलाड़ी मोंटी पनेसर ने उन्हें लेकर चौंकाने वाला बयान दिया। मोंटी पनेसर का मानना है कि अगर सूर्यकुमार यादव इस टूर्नामेंट में अच्छा नहीं कर पाए और अगर उनकी कप्तानी में भारत चैंपियन नहीं बन पाता है तो उनसे कप्तानी छीन लेनी चाहिए और उनकी जगह भारतीय टी20 टीम का कप्तान शुभमन गिल को बना देना चाहिए जो इस वक्त भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान भी हैं। मोंटी पनेसर ने इंडिया टीवी से बात करते हुए कहा कि शुभमन गिल में तीनों प्रारूप में भारतीय टीम की कप्तानी करने की क्षमता है। अगर सूर्यकुमार यादव टी20 में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते है या फिर एशिया कप नहीं जीत पाते हैं और मुझे लगता है कि भारतीय चयनकर्ता उनसे आगे बढ़कर सिमित ओवरों की कप्तानी शुभमन गिल को सौंप सकते हैं। रोहित शर्मा के वनडे कप्तान के पद से हटने के बाद इस बात की पूरी संभावना है कि गिल सभी प्रारूपो में भारत की कप्तानी कर सकते हैं। आपको बता दें कि गिल को रोहित शर्मा के बाद पहले टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया और अब एशिया कप से पहले उन्हें भारतीय टी20 टीम का उप-कप्तान बनाया गया था। 2024 टी20 वर्ल्ड कप के बाद वो सिमित ओवरों के क्रिकेट में नेतृत्व समूह में शामिल हो गए थे। श्रीलंका दौरे से पहले उन्हें वनडे टीम का उप-कप्तान बनाया गया था और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में वो भारतीय वनडे टीम के उप-कप्तान भी थे।







## श्रेयस अय्यर को मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी

- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बन सकते हैं इंडिया के कप्तान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर इन दिनों एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम में चयनित नहीं किए जाने के बाद काफी सुर्खियों में हैं। श्रेयस एशिया कप में खेलते हुए नजर नहीं आएंगे, लेकिन उनके सामने अभी एक मौका है। ऑस्ट्रेलिया ए के साथ इंडिया ए टीम को दो मैचों कि अनाधिकारिक टेस्ट सीरीज और तीन मैचों की वनडे सीरीज में हिस्सा लेना है। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ जब चयनकर्ता इंडिया ए की टीम को चुनने के लिए बैठेंगे तो श्रेयस का नाम उनके सामने प्रमुख तौर पर होगा। चयनकर्ताओं के सामने मुख्य मसला ये होगा कि उन्हें क्या भूमिका दी जाए। क्रिकबज के मुताबिक इस बात की संभावना है कि उन्हें टीम में प्रमुख भूमिका मिलेगी और वो कप्तानी या फिर कुछ और भी हो सकता है। ऑस्ट्रेलिया ए की टीम भारत दौरे पर अगले सप्ताह आने वाली है। श्रेयस अय्यर इस वक्त बेंगलुरु में हैं और दलीप ट्रॉफी मुकाबले में वेस्ट जोन की तरफ से खेल रहे हैं। वेस्ट जोन के लिए खेलते हुए सेंट्रल जोन के खिलाफ वो सेमीफाइनल मुकाबले की पहली पारी में 25 रन के स्कोर पर खलील अहमद की गेंद पर आउट हो गए थे, लेकिन इस छोटी पर तेज पारी का उनके चयन पर कोई असर पड़ने की संभावना नहीं है। इस बात की संभावना है कि वो इंडिया ए के लिए दो अनाधिकारिक टेस्ट मैच में खेलते हुए नजर आ सकते हैं। श्रेयस आईपीएल 2025 में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाजों में से एक थे, लेकिन एशिया कप के लिए भारतीय टी20 टीम में उन्हें कोई जगह नहीं दी गई, लेकिन लाल गेंद वाले मैचों के लिए उनका चयन किया जाना इस बात का संकेत है कि भविष्य में टेस्ट प्रारूप के लिए उनके नाम पर विचार किया जा सकता है भले ही वो वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज हो या फिर ऑस्ट्रेलिया में होने वाली टेस्ट सीरीज हो। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ मौजूदा दलीप ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के अलावा नितीश रेड्डी, अभिमन्यु ईश्वरन और साई सुदर्शन जैसे कुछ अन्य खिलाड़ियों के चयन पर भी विचार किया जा सकता है। इस लिस्ट में एन जगदीशन, ऋतुराज गायकवाड़ और रजत पाटीदार भी हो सकते हैं। इंडिया ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच दो चार दिवसीय मैचों में से पहला मैच 16 सितंबर को लखनऊ में शुरू होगा, जो 11 सितंबर से शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी फाइनल के ठीक एक दिन बाद होगा। इसलिए संभावना है कि टीम का चयन मौजूदा सेमीफाइनल के कुछ दिन बाद किया जाएगा जो 7 सितंबर को समाप्त होगा।

## एशिया कप में भारत-पाक मैच पर बोले बीसीसीआई सचिव, हमें केंद्र सरकार की बात का पालन करना होगा

**गुवाहाटी (असम), एजेंसी।** दुबई में 14 सितंबर को एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले को लेकर चल रही आलोचनाओं के बीच भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव देवजीत सैकिया ने हाल ही में जारी नीति का हवाला देते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने किसी भी ऐसे देश के साथ बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में खेलने पर प्रतिबंध नहीं लगाया है जो भारत के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध नहीं रखता।



टूर्नामेंट में भारत के अपने चिर प्रतिद्वंद्वी से भिड़ने पर नाराजगी जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ गुस्से से उपजी है, जिसमें इस साल 22 अप्रैल को पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों को मार डाला था। पूर्व क्रिकेटरों और प्रशंसकों ने इस मुकाबले को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त की है और मैच का बहिष्कार करने का सुझाव भी दिया है। अगस्त में केंद्र सरकार ने खेल आयोजनों में भारतीय एथलीटों के पाकिस्तानी एथलीटों के साथ प्रतिस्पर्धा करने से निपटने के लिए एक नीति में संशोधन किया था। नीति के अनुसार भारत को बहुराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति होगी, लेकिन वह द्विपक्षीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से परहेज करेगा।

सैकिया ने बताया, 'जहां तक बीसीसीआई का सवाल है, हमें केंद्र सरकार द्वारा औपचारिक रूप से तय की गई हर बात का पालन करना होगा। हाल ही में, किसी भी बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट या अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारत की भागीदारी के संबंध में हमारी जो नीति लागू हुई है, उसके अनुसार केंद्र सरकार द्वारा कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है, चाहे हम उन देशों के साथ खेलें जिनके भारत के साथ अच्छे संबंध नहीं हैं। इसलिए भारत को किसी भी बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में सभी मैच खेलने होंगे।'

उन्होंने आगे कहा, 'चूंकि आईसीसी कप एक बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट है जिसमें एशिया महाद्वीप के देश शामिल होते हैं, इसलिए हमें खेलना होगा। और साथ ही किसी भी आईसीसी टूर्नामेंट के लिए जब कोई देश भारत के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध नहीं रखता है, तो हमें अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में खेलना होगा। जहां तक द्विपक्षीय संबंधों का सवाल है, हम अपने किसी भी विरोधी देश के साथ नहीं खेलने जा रहे हैं।'

## फिडे ग्रांड स्वीसः विश्व चैंपियन गुकेश को 14 साल के यागिज ने ड्रॉ पर रोका, वैशाली संयुक्त रूप से शीर्ष पर

**समरकंद, एजेंसी।** ओपन वर्ग में गुकेश ने एर्दोगमस के खिलाफ जीत की स्थिति से शुरुआत की थी, लेकिन वह अपनी लय बरकरार नहीं रख सके। महिलाओं के वर्ग में भारत की वैशाली ने विजयी अभियान जारी रखा और लगातार दो जीत दर्ज कर दो अंक लेकर वह संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंचीं। विश्व चैंपियन भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को फिडे ग्रैंड स्विस के दूसरे दौर में तुर्किये के 14 वर्षीय यागिज खान एर्दोगमस ने ड्रॉ पर रोका, जबकि गत चैंपियन आर वैशाली ने महिलाओं के वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया। दो गेमों में जीत के साथ वह ऑस्ट्रिया की ओलगा बेडेल्का के साथ संयुक्त रूप शीर्ष पर हैं। ओपन वर्ग में गुकेश ने एर्दोगमस के खिलाफ जीत की स्थिति गंवा दी और अंततः ड्रॉ के लिए समझौता करना पड़ा, लेकिन शीर्ष वरीयता प्राप्त प्रज्ञानंद ने इवान जेनलियान्स्की को हराकर इस प्रतियोगिता में अपनी पहली जीत हासिल की।



## यूएस ओपनः सेमीफाइनल में हार के बाद जोकोविच ने संन्यास की अटकलों को खारिज किया

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** यूएस ओपन के सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच को कार्लोस अल्काराज के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी, जिसके बाद सर्बियाई खिलाड़ी ने संन्यास की अटकलों को खारिज कर दिया। जोकोविच ने पुष्टि की है कि वह अगले साल एक पूर्ण ग्रैंड स्लैम सीजन खेलना चाहते हैं। 22 वर्षीय स्पेनिश खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने 38 वर्षीय सर्बियाई खिलाड़ी को 6-4, 7-6(4), 6-2 से शिकस्त देकर अपने सातवें और न्यूयॉर्क में दूसरे मेजर फाइनल में प्रवेश किया है। आर्थर ऐश स्टेडियम में करीब 2 घंटे 25 मिनट तक चले इस रोमांचक मुकाबले में कार्लोस अल्काराज ने इस साल के ऑस्ट्रेलियन ओपन और 2024 पेरिस ओलंपिक में जोकोविच से मिली हार का बदला लिया। सर्बियाई खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने कहा, मैं अब भी ग्रैंड स्लैम खेलना चाहता हूं। मैं अगले साल पूरा ग्रैंड स्लैम सीजन खेलना चाहता हूं। देखते हैं कि ऐसा होता है या नहीं। लेकिन स्लैम तो स्लैम होते हैं। यह किसी भी अन्य टूर्नामेंट से अलग हैं। ये हमारे खेल के स्तंभ हैं। यह हमारे



सबसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट हैं। नोवाक जोकोविच ने कहा, मैं अपने टेनिस के स्तर से खुश हूं, लेकिन यह शारीरिक क्षमता की बात है। जैसा कि मैंने क्वार्टर फाइनल के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था, मैं अपने शरीर को इस स्तर और लय को कई घंटों तक बनाए रखने के लिए तैयार करने की पूरी कोशिश करूंगा, लेकिन यह पर्याप्त नहीं था। अपने करियर के इस पड़ाव पर यह ऐसी चीज है, जिस पर मेरा नियंत्रण नहीं है। 100 टूर-लेवल खिताब जीत चुके नोवाक जोकोविच ने माना कि जब वह शारीरिक रूप से अपना स्तर बनाए नहीं रख पाते तो यह निराशाजनक होता है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि उनकी उम्र में यह अपेक्षित है। जोकोविच ने कहा, यह समय और उम्र के साथ आता है। मैं अब भी प्रतिस्पर्धा का रोमांच महसूस करता हूं। इस मैच में दर्शकों से काफी सपोर्ट मिला। इसके लिए मैं बेहद आभारी हूं। मैंने खेल का भरपूर आनंद लिया। यही एक बड़ी वजह है कि मैं खेलता जा रहा हूं। पिछले कुछ वर्षों में मुझे दुनियाभर से जो प्यार मिला, वह अद्भुत है। कार्लोस अल्काराज अपने छठे ग्रैंड स्लैम खिताब और पीआईएफ एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 पर वापसी की राह पर कायम हैं।

## ट्रिपल एच ने डब्ल्यूडब्ल्यूई में किया इस हसीन महिला रेसलर का जोरदार स्वागत, 3800 दिनों के बाद रिंग में वापसी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** डब्ल्यूडब्ल्यूई यूनिवर्स में शुक्रवार की रात एक बड़ा धमाका हुआ जब पूर्व डिवाज चैंपियन एजे ली ने 10 साल बाद स्मैकडाउन में वापसी की। इस खबर ने फैंस को हैरान कर दिया, लेकिन जो कुछ टीवी पर दिखाया गया उससे भी ज्यादा खास था पर्दे के पीछे का दृश्य। डब्ल्यूडब्ल्यूई के हेड ऑफ क्रिएटिव, ट्रिपल एच ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें एजे ली अपनी सरप्राइज एंट्री से ठीक पहले डब्ल्यूडब्ल्यूई का नया कॉन्ट्रैक्ट साइन कर रही हैं। ट्रिपल एच ने वीडियो के साथ लिखा, 'स्याही कागज पर। तूफान से पहले की शांति।' इस वीडियो में एजे ली शांत और गंभीर दिख रही थीं और उनके चेहरे पर 10 साल बाद घर लौटने की भावना साफ झलक रही थी। यह वीडियो तुरंत वायरल हो गया, जिसने फैंस को उनकी वापसी के एक खास पल का गवाह बनाया। एजे ली जो तीन बार डिवाज चैंपियन रह चुकी हैं उन्होंने मार्च 2015 में गर्दन की गंभीर चोट के कारण रिटायरमेंट ले लिया था। तब से उनके पति सीएम पंक या उनके पुराने प्रतिद्वंद्वी जब भी रिंग में आते थे, तो फैंस एजे ली के नाम के नारे लगाते थे। उनकी वापसी का यह पल इसलिए भी खास था क्योंकि यह शिकागो में हुआ, जहां सीएम पंक और बेकी लिंच के बीच तनाव चरम पर था।

उनमें टी20 में भी अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता

## इस खिलाड़ी की टी20 वापसी पर सुनील गावस्कर खुश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महान भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर टी20 प्रारूप में शुभमन गिल की एशिया कप 2025 के साथ वापसी से बिल्कुल भी हैरान नहीं। कई लोग इस बात पर हैरान थे कि गिल को टी20 में वापस बुलाया गया है जबकि उन्होंने जुलाई 2024 से इस प्रारूप में कोई मैच नहीं खेला।



साथ ही 25 वर्षीय गिल को आगामी एशिया कप के लिए टीम का उप कप्तान भी नियुक्त किया गया है। गावस्कर को एशिया कप के लिए भारतीय टीम में गिल के शामिल होने पर कोई संदेह नहीं था और उन्होंने कहा कि एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में बल्ले से गिल के शानदार प्रदर्शन ने मेन इन ब्लू की टी-20 टीम में उनकी जगह लगभग पक्की कर दी है। गावस्कर ने सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर कहा, 'आईपीएल में उन्होंने जिस तरह से टी20 फॉर्मेट में बल्लेबाजी की उसे देखते हुए यह कोई बड़ी बात नहीं थी। आईपीएल में टी20 फॉर्मेट में वह काफी सफल रहे है। इसलिए इसमें कोई शक नहीं कि उनमें टी20 में अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता है।

जिस तरह की फॉर्म में वह है जहां उन्होंने हाल ही में समाप्त हुई टेस्ट सीरीज में 750 से ज्यादा रन बनाए है, वह टी20 टूर्नामेंट के लिए भी वाकई अच्छा संकेत है। गावस्कर ने आगे कहा, 'अगर भारत अपने मैच आराम से नहीं जीत पाता है तो मुझे वाकई हैरानी होगी। उनके सभी मैच सिर्फ पाकिस्तान के खिलाफ ही नहीं बल्कि बांग्लादेश, अफगानिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ भी।

## हॉकी इंडिया ने वंदना कटारिया और ललित उपाध्याय को सम्मानित किया

**राजगीर, एजेंसी।** हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को महिला हॉकी टीम की पूर्व फॉरवर्ड वंदना कटारिया और पुरुष हॉकी टीम के पूर्व फॉरवर्ड ललित कुमार उपाध्याय को खेल में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया। दोनों खिलाड़ियों ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास की घोषणा की है। सम्मान समारोह राजगीर, बिहार में चल रहे पुरुष एशिया कप 2025 के दौरान आयोजित किया गया। हॉकी इंडिया ने वंदना और ललित को राष्ट्रीय टीमों के प्रति उनके समर्पण और सेवा के लिए 5-5 लाख रुपये के चेक प्रदान किए।

अप्रैल में आधिकारिक रूप से संन्यास लेने वाली वंदना ने 15 वर्षों से अधिक के अपने शानदार करियर को अप्रैल में अलविदा कहा था। 320 अंतरराष्ट्रीय मैचों और 158 गोलों के साथ वह भारतीय महिला हॉकी इतिहास में सबसे अधिक मैच खेलने वाली खिलाड़ी हैं। 2009 में सीनियर टीम में पदार्पण के बाद से वंदना भारतीय हॉकी के सबसे बड़े चेहरों में रही हैं। टोक्यो ओलंपिक में भारत का



ऐतिहासिक चौथा स्थान उनके करियर की खास उपलब्धि रही। वह ओलंपिक में हैट्रिक गोल करने वाली पहली और एकमात्र भारतीय बनी थीं। सम्मान मिलने पर वंदना कटारिया ने कहा, भारत की जर्सी पहनना और अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य रहा है।

हॉकी ने मुझे सब कुछ दिया है और मैं इन यादों को हमेशा संजो कर रखूंगी। मैं इस सम्मान के लिए हॉकी इंडिया की और सबसे बढ़कर, अपने उन साथियों की बहुत आभारी हूं, जिनके साथ मैंने पिछले 15 वर्षों में हर उतार-चढ़ाव साझा किया । वे मेरे लिए एक परिवार की तरह थे। हमने एक-दूसरे को प्रोत्साहित किया, एक-दूसरे का साथ दिया और हर जीत का जश्न साथ मिलकर मनाया। उन्होंने कहा, मैंने जो कुछ भी हासिल किया है, वह उनके विश्वास, कड़ी मेहनत और जज्बे के बिना संभव नहीं होता।

मैं अपने परिवार की भी उतनी ही आभारी हूं, जो हर चुनौती और त्याग में मेरे साथ मजबूती से खड़े रहे और जिनके निरंतर प्रोत्साहन ने मुझे आगे बढ़ते रहने की शक्ति दी। मैं अपने सभी कोचों, सहयोगी स्टाफ और प्रशंसकों का भी धन्यवाद करती हूं, जिन्होंने इस पूरे सफर में मुझे प्रेरित किया। ललित कुमार उपाध्याय ने जून में संन्यास की घोषणा की थी। उन्होंने 2014 में भारत के लिए डेब्यू किया था। 11 वर्षों में ललित ने भारत के लिए 183 मैच खेले और 67 गोल किए। उन्होंने टोक्यो 2020 और पेरिस 2024 ओलंपिक में भारत की कांस्य पदक जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपनी पीढ़ी के सबसे भरोसेमंद फॉरवर्ड में से एक बन गए।



नस्लों का संरक्षण, संवर्धन एवं उन्नयन होगा

# 65 एकड़ में बनेगा आधुनिक ब्रीडिंग सेंटर

## दूध का बंपर उत्पादन का लक्ष्य...देशी गायों की नस्ल पर होगी रिसर्च

**भोपाल।** मप्र में दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए कई नवाचार किए जा रहे हैं। जिससे दूध के उत्पादन को बढ़ाने के साथ किसानों की कमाई भी बढ़ाई जा सके। अब इस दिशा में नेशनल डेरी डेवलपमेंट बोर्ड की पहल पर अत्याधुनिक ब्रीडिंग और आईवीएफ सेंटर बनाने की शुरूआत की जा रही है। इसके लिए पशुपालन विभाग की कोकता ट्रांसपोर्ट नगर में स्थित 65 एकड़ जमीन चिंहित की गई है। जिसका जिला प्रशसन द्वारा सीमांकन कराया जा रहा है। यह काम पूरा होते ही नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड अत्याधुनिक ब्रीडिंग और आईवीएफ सेंटर बनाने का काम शुरू करेगा। इस अत्याधुनिक ब्रीडिंग सेंटर में देशी नस्ल की गायों को प्राथमिकता दी जाएगी। देशी गायों में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए गिर, साहीवाल, गंगातीरी और हरियाणवी नस्ल की गायों को प्राथमिका दी जाएगी। इनके पालन के लिए भी किसानों को प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही ब्रीडिंग सेंटर से उच्च नस्ल की गाय खरीदने पर सरकार किसानों को सब्सिडी भी देगी। कृत्रिम गभार्धान के माध्यम से सेक्सड सॉर्टेड सीमन पर बल दिया जाएगा। वहीं गायों की प्रजनन शक्ति बढ़ाने के लिए आईवीएफ तकनीकी का इस्तेमाल भी किया जाएगा। सीमन सेंटर और आईवीएफ लैब की होगी स्थापना पशुपालन विभाग के संचालक पीआर पटेल ने बताया कि राष्ट्रीय कामधेनु मिशन के तहत भोपाल में अत्याधुनिक प्रजनन केंद्र की स्थापना की जाएगी। इसके लिए 65 एकड़ जमीन पशुपालन विभाग नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड को दे रहा है। यहां देशी नस्लों का उच्च अनुवांशिकता का प्रमाणित जर्मप्लाज्म उपलब्ध रहेगा। नस्लों का संरक्षण, संवर्धन एवं उन्नयन होगा। प्रदेश के पशुपालकों और पशुपालन संस्थाओं को देशी नस्लों के उच्च अनुवांशिक सांडों का सीमन, भ्रूण, हीफर आदि उपलब्ध करवाने के लिये केन्द्र में सीमन सेंटर और आईवीएफ लैब भी स्थापित की जाएगी।



### देशी नस्ल की गायों को दी जाएगी प्राथमिकता

बता दें कि, अब गाय पालन का काम केवल दूध उत्पादन तक सीमित नहीं है, यह एक मजबूत आर्थिक विकल्प है जो किसानों को आत्मनिर्भर बनाता है, उनकी आय में बढ़ोत्तरी करता है। शहरों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध कराता है। ऐसे में गोपालन में होने वाले खर्च को कम करने और दूध की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए देशी नस्ल की गायों को संरक्षण व संवर्धन किया जाएगा।

### *किसानों को लोन और 3 प्रतिशत छूट पर मिलेगी बछिया*

*पीआर पटेल ने बताया कि, राष्ट्रीय कामधेनु मिशन के तहत नेशनल डयरी डेवलपमेंट बोर्ड से बछिया पालन के लिए भी अनुदान दिया जाएगा। इसमें किसानों को बछिया पालन करने पर 35 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। वहीं यदि किसान आईवीएफ तकनीकी से पैदा होने वाली बछिया खरीदता है, तो उसे बैंक से लोन की व्यवस्था करने के साथ 3 प्रतिशत सब्सिडी भी जाएगी। इसके साथ ही पशुपालकों को मध्यप्रदेश में भी कई योजना का लाभ दिया जा रहा है।*

### *मप्र की गोशालाओं में 4 लाख से अधिक पशुधन*

*बता दें कि, प्रदेश में स्वाबलंबी गो-शालाओं की स्थापना नीति पर तेज गति से कार्य किया जा रहा है। योजना में 5000 एवं अधिक गोवंश के पालन पर शासन की ओर से 130 एकड़ तक भूमि आवंटित किए जाने का प्रावधान है। वर्तमान में प्रदेश में गो संवर्धन बोर्ड के अंतर्गत 2942 गौशालाएं पंजीकृत है, जिसमें 2828 गो-शालाएं संचालित हैं। इन गो-शालाओं में 04 लाख 22 हजार गो-वंश का पालन पोषण किया जा रहा है।*

# स्नान-दान पूर्णिमा के साथ शुरू हुआ पितृपक्ष

## तालाबों पर श्रद्धालुओं ने किया पितृ तर्पण

**भोपाल।** स्नान दान पूर्णिमा के साथ रविवार से पितृपक्ष की शुरूआत हो गई है। ऐसे में लोग अपने पितरों को तर्पण देने के लिए नदी जलाशयों के घाटों पर पहुंचे। राजधानी के तालाब पर सुबह से ही लोग अपने पितरों को तर्पण के लिए पहुंचे जहां ब्राह्मणों द्वारा पितृ तर्पण कराया गया। यह सिलसिला 16 दिन पितृ मोक्ष अमावस्या के तक चलेगा। इस दौरान तिथि अनुसार पितृ श्राद्ध भी किया जाएगा। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार श्राद्ध पक्ष पवित्रता और विधि विधान से करने पर ही पितृ प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं। श्राद्ध पक्ष में कुछ धातु का इस्तेमाल वर्जित बताया गया है जिससे पितृ नाराज हो जाते हैं। पितृ तर्पण कराने वाले पंडित अशोक शास्त्री द्वारा बताया गया इस श्राद्ध पक्ष में 16 दिन तक तालाब नदी में आकर अपने पितरों को पानी दिया जाता है। ब्राह्मण को भोजन करते हैं। कौवा, कुत्ता और गाय को पितरों के मनपसंद भोजन बनाकर दिया जाता है। अगले 15 दिनों तक चलेगा पितृपक्ष अगले 15 दिनों तक यह क्रियाएं चलेंगी। पितृ मोक्ष अमावस्या पर श्राद्ध पक्ष का समापन होगा। इस दौरान लोग अपने पूर्वजों की सुख-शांति के लिए प्रार्थना करते हैं।





### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पितृजन को किया नमन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पितृ पक्ष के अवसर पर सभी पितृजन को सादर नमन किया। उन्होंने कहा कि सभी को अपने पितृजन का आशीष प्राप्त हो यही कामना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों के लिए जारी संदेश में कहा कि हमारे पूर्वजों ने तपस्या, त्याग और परिश्रम से सेवा और धर्म का जो मार्ग प्रशस्त किया है, वही आज हमारे जीवन का आधार है। हमारा संकल्प हो कि हम सभी अपने पितरों के आदर्शों का अनुसरण करते हुए मानव जीवन को पूर्णता प्रदान करें।

# अब मेडिकल कॉलेजों में नॉन क्लीनिकल रेजिडेंट डॉक्टर भी होंगे

**भोपाल।** मेडिकल कॉलेज से संबद्ध अस्पतालों में अभी तक क्लीनिकल विषय जैसे मेडिसिन, सर्जरी, हड्डी रोग, गायनी आदि में ही सीनियर रेजिडेंट (एसआर) डॉक्टर पदस्थ किए जाते थे, लेकिन अब नान क्लीनिकल विषयों के डाक्टरों को भी सीनियर रेजिडेंट पदस्थ किया जाएगा। इसमें एनाटामी, फिजियोलाजी, बायोकेमेस्ट्री, फामोकोलाजी जैसे विषय शामिल हैं। इसका लाभ रोगी और डॉक्टर दोनों को होगा। प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में सीनियर रेजिडेंट के 380 पद स्वीकृत करने के लिए शीघ्र ही



कैबिनेट में प्रस्ताव लाया जाएगा। अस्पतालों में ओपीडी, इमरजेंसी ड्यूटी सहित अन्य स्थानों पर नान क्लीनिकल सीनियर रेजिडेंट्स का उपयोग किया जा सकेगा। बता दें कि नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमएसी) ने नान क्लीनिकल विषयों में सीनियर रेजीडेंट्स बनाने के लिए कहा है। इनका संख्या निर्धारित सीटों में फैकल्टी के कुल पदों के निश्चित अनुपात में रहेगी। इस आधार पर प्रदेश में 380 पद होंगे, जिन्हें 19 सरकारी मेडिकल कॉलेजों में पदस्थ किया जाएगा। अभी निजी मेडिकल कॉलेज तो नान क्लीनिकल विषय में एसआर रख रहे हैं, पर सरकारी में नहीं हैं। नई व्यवस्था से नॉन क्लीनिकल विषयों में मेडिकल कॉलेजों के लिए फैकल्टी मिलना भी आसान हो जाएगा।

# हलाली डैम के पानी से भोपाल के खेत डूबे

## 16 गांव की 1000 एकड़ जमीन प्रभावित; पानी में उतरे किसान

**भोपाल।** विदिशा जिले के सम्राट अशोक सागर परियोजना हलाली डैम के पानी से भोपाल जिले की फसलें 2 से 3 फीट तक डूब गई। 16 से अधिक गांवों में असर है। इसके चलते किसान अब पानी में उतरकर आंदोलन करने लगे हैं। उनकी मांग है कि सरकार मुआवजा दें। इनके साथ जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट भी पानी में उतरे और किसानों को मुआवजे का भरोसा दिलाया। डैम का निर्माण कार्य 1976-77 में हुआ था। जिसमें पानी की निकासी 1508 फीट पर बने बेस्ट बियर से होती थी, लेकिन पिछले 2 साल से पानी निकासी के गेट लगाकर जल निकास को 1508 फीट से ऊपर नहीं जान देने के लिए गेट का निर्माण किया, लेकिन अभी डैम का जलस्तर 1510 फीट तक पहुंच गया है। जिसमें 2 फीट जलस्तर अधिक होने से भोपाल जिले के 16 गांव प्रभावित हो रहे हैं। यहां के सैकड़ों किसानों की हजारों एकड़



जमीन में खड़ी फसल नष्ट हो गई है। इनमें मुख्य रूप से धान और सोयाबीन है। पांच से छह दिन हुए जिपं उपाध्यक्ष जाट ने बताया कि डैम का पानी खेतों में भरे पांच से छह दिन हो गए हैं। गेट खुलने से पानी जरूर निकल रहा है, लेकिन खेतों में काफी पानी भरा है। किसानों के लिए यह एक जटिल समस्या हो गई है। इसलिए सरकारी स्तर पर किसानों के हित में एक अच्छा निर्णय होना चाहिए।

# 20 सितंबर तक चलेगी पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन

**भोपाल।** श्राद्धपक्ष में गया जाने वाले यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन में कोचों की संख्या बढ़ा दी है। अब रानी कमलापति-गया-रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन में दो अतिरिक्त कोच (एक एसी 3 टियर और एक स्लीपर) जोड़े गए हैं। इसके साथ ही इस ट्रेन की कुल कोच संरचना बढकर 24 हो गई है। यात्रियों को यह सुविधा 7 से 20 सितंबर 2025 तक उपलब्ध होगी। भोपाल मंडल के सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि यात्रियों की सुविधा को देखते हुए यह व्यवस्था की गई है। उन्होंने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पहले गाडियों की समय-सारिणी एवं ठहराव की जानकारी के लिए अधिकृत स्त्रोतों जैसे रेल मदद



139 या एनटीईएस ऐप का उपयोग करें। टस्पेशल ट्रेन का शेड्यूल 01661 रानी कमलापति-गया पितृपक्ष स्पेशल 12 और 17 सितंबर को रानी कमलापति स्टेशन से दोपहर 1:20 बजे रवाना होगी और अगले दिन सुबह 9:30 बजे गया पहुंचेगी। 01662 गया-रानी कमलापति पितृपक्ष स्पेशल:10, 15 और 20 सितंबर गया से दोपहर 2:15 बजे चलेगी और अगले दिन सुबह 10:45 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी। इन स्टेशनों पर होगा ठहराव भोपाल, विदिशा, गंजबासौदा, बीना, सागर, दमोह, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिजार्पुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम, देहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड।

# मूंग की नीलामी से सरकार को लगेगी अरबों की चपत

## गोदामों में रखी है 27 लाख क्विंटल मूंग



**खरीफ सीजन में देश का 46 प्रतिशत मूंग अकेले राजस्थान में होता है। इस समय थोक में मूंग के भाव 7000 रुपए प्रति क्विंटल चल रहे हैं।**

**भोपाल।** सरकार हर साल समर्थन मूल्य पर किसानों से अनाज तो खरीद लेती है, लेकिन वह गोदामों में रखे-रखे खराब होती रहती है। वर्तमान में सरकार की चिंता गोदामों में रखी 27 लाख क्विंटल मूंग बढ़ा रही है। बताया जाता है कि इस मूंग को बेचने की तैयारी हो रही है, लेकिन खरीद से भी कम दर मिल रही है। अगर सरकार इस मूंग को कम दर पर बेचती है तो अरबों रूपए की चपत लगेगी। जानकारी के अनुसार, दो साल से नाफेड, एनसीसीएफ और मार्कफेड के गोदामों में रखी है। सरकार गोदाम में रखी 27 लाख क्विंटल मूंग बेचने की तैसारी कर रही है। यह मूंग मप्र सरकार को डेढ़ हजार करोड़ रुपए का झटका देने वाली है। इस मूंग को 2022-23 के रबी सीजन के ग्रीष्मकालीन में और 2024 के ग्रीष्मकालीन सीजन में खरीदा गया है। नीलामी के दौरान खुले बाजार से ऐसा रेट आया है, जो घाटे वाला है। अब उच्च स्तर पर गुरुवार को मंत्रालय में में मुख्य सचिव डॉ. अनुराग जैन की अध्यक्षता में मीटिंग रखी गई है। इसमें यह तय होगा कि नुकसान के साथ नीलामी को मंजूरी दी।

# मप्र में में बारिश से राहत, सिस्टम हुआ कमजोर

## अगले चार दिन हल्की बारिश का जारी रहेगा दौर

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में बारिश से थोड़ी राहत मिलेगी। प्रदेश में अगले चार दिन हल्की बारिश का दौर रहेगा। भोपाल, इंदौर और उज्जैन में रिमझिम वर्षा होगी। मौसम विभाग के मुताबिक, एमपी में शनिवार को बारिश का दो स्ट्रॉन्ग सिस्टम सक्रिय रहा। इनमें एक मानसून समेत दो टर्फ शामिल हैं। जिससे कई जिलों में बारिश का दौर रहा, लेकिन सिस्टम के कमजोर होने से आज रविवार को कहीं भी तेज बारिश का अलर्ट नहीं है। इस दौरान भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर में रिमझिम पानी गिरेगा। इससे पहले एमपी के कई जिलों में नदी-नाले उफान पर रहे और डैम ओवरफ्लो



हो गए। शनिवार को भोपाल के भदभदा, मंदसौर के गांधी सागर और रायसेन के हलाली डैम के गेट खोले गए हैं। वहीं इस सीजन मानसून की बात करें तो अब तक 40.6 इंच पानी गिर चुका हैं, जो सीजन का 111 प्रतिशत है। अब तक 32.8 इंच बारिश होनी थी। एमपी की सामान्य बारिश औसत 37 इंच है। पिछले मानसूनी सीजन में औसत 44 इंच पानी गिरा था।

# पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए लगेगा कैंप

## कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने लोगों से राहत सामग्री देने की अपील की

**विधायक आरिफ ने लोगों से तिरपाल, मच्छरदानी, चावल, दाल, अचार, जैम, बिस्किट, पेस्ट, ब्रश, बच्चों के लिए सूखा दूध, नहाने व कपड़े धोने का साबुन, मिर्च, धनिया, हल्दी, नमक, तेल देने की अपील की है।**

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के लोग पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए सामने आए है। पीड़ितों को राहत सामग्री देने के लिए भोपाल में कैंप लगाए जाएंगे। राहत सामग्री जमाकर कर पंजाब बाढ़ प्रभावित इलाकों में भेजा जाएगा। भोपाल के कांग्रेस विधायक





आरिफ मसूद ने लोगों से राहत सामग्री देने की अपील की है। उन्होंने बताया कि पंजाब में बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री देने के लिए भोपाल में कैंप लगाए जाएंगे। शहर में 8, 9 और 10 सितंबर यानी तीन दिन पुराने शहर में कैम्प लगेगा। इन जगहों पर लगेगा कैंप राजधानी के कमला पार्क, बुधवारा, इतवारा, भारत टॉकीज, चिकलोद रोड, जे जे शादी हॉल, राजा जिंसी, नूर महल, काजी कैम्प, बाल विहार, मस्जिद साजिद सुल्तान, कर्बला में राहत कैंप लगाए जाएंगे। जहां 24 घंटे वॉलंटियर्स रहेंगे। राहत सामग्री जमाकर कर पंजाब में बाढ़ प्रभावित इलाकों में भेजा जाएगा। विधायक आरिफ ने लोगों से तिरपाल, मच्छरदानी, चावल, दाल, अचार, जैम, बिस्किट, पेस्ट, ब्रश, बच्चों के लिए सूखा दूध, नहाने व कपड़े धोने का साबुन, मिर्च, धनिया, हल्दी, नमक, तेल देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इन समानों को ज्यादा से ज्यादा दें। मसूद ने कहा कि इन सामानों को शुक्रवार को रवाना कर देंगे, ताकि शनिवार को जरूरतमंद लोगों तक पहुंच जाए।

# 2027 में ही बदलेगी तहसील और जिलों की सीमाएं

## जनगणना के बाद ही होगा सीमाओं का पुनर्गठन

**बारिश के कारण कार्य प्रभावित**

आधिकारिक जानकारी के अनुसार आयोग के सदस्य वर्तमान में जिलों का दौरा कर रहे हैं। बारिश के कारण दो महीने से यह कार्य प्रभावित हुआ है। आयोग सभी जिलों के प्रवास के दौरान जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और आम नागरिकों से मिले सुझावों के आधार पर प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन के संबंध में रिपोर्ट तैयार करेगा। इस पूरी कवायद में आयोग को लंबा वक्त लगेगा। आयोग की अनुशंसा रिपोर्ट पर अंतिम निर्णय सरकार लेगी।



**भोपाल।** मप्र में संभाग, जिला, तहसील और विकासखंड की सीमाओं में परिवर्तन संभवतः मार्च 2027 के बाद ही होगा। इसकी वजह यह है कि तहसील और जिलों की सीमाएं जनगणना के बाद ही होगी। बता दें, प्रदेश सरकार ने मार्च, 2024 में प्रशासनिक इकाइयों की सीमा में परिवर्तन के लिए आयोग बनाने का निर्णय लिया था। लेकिन जिला-तहसीलों की सीमाओं के पुनर्गठन की चाल धीमी है। गौरतलब है कि जाति गणना के साथ ही भारत की 16वीं जनगणना 2027 में की जाएगी। जनगणना दो चरणों में होगी। जनगणना का सीधा असर मप्र में जिला, तहसील समेत अन्य प्रशासनिक इकाइयों की सीमाओं के पुनर्गठन पर पड़ेगा। मप्र में प्रशासनिक इकाइयों की सीमाओं के पुनर्गठन की प्रक्रिया जारी है। इसके लिए सरकार ने मप्र प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग का गठन किया है। चूंकि आयोग को प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन के संबंध में अभी लंबी एक्सरसाइज करना बाकी है, इसलिए अब प्रदेश में मार्च, 2027 तक किसी भी सूरत में प्रशासनिक इकाइयों की सीमाएं नहीं बदली जा सकेंगी। सीमाओं में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा दरअसल, केंद्र सरकार ने सभी विभागों को 31 दिसंबर, 2025 से पहले नगर निगमों, राजस्व गांवों, तहसीलों, जिलों की सीमाओं में कोई भी प्रस्तावित बदलाव करने के निर्देश जारी किए हैं। जनगणना 2027 के लिए प्रशासनिक इकाइयों की सीमाएं 31 दिसंबर, 2025 को फ्रीज कर दी जाएंगी। राज्यों से यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि जनगणना के दौरान यानी 1 जनवरी, 2026 और 31 मार्च, 2027 के बीच प्रशासनिक यूनिट की सीमाओं में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। राज्यों को मौजूदा सीमाओं में किसी भी बदलाव की सूचना जनगणना निदेशालयों और भारत के महापंजीयक को 31 दिसंबर, 2025 तक देना होगी। मप्र सरकार ने प्रदेश में संभाग, जिला, तहसील समेत अन्य प्रशासनिक इकाइयों की सीमाओं के पुनर्गठन को लेकर मप्र प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग का गठन किया है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद रायसेन, म.प्र.**

E-mail ID : & cmoraisen@mpurban-gov-in

पता :– इंदिरा मार्केट सांची रोड रायसेन पिन– 464551 दूरभाष कं. 07482–222057

क्रमांक / 2000 / न.पा. / 2025, दिनांक 04 / 09 / 25

**अभिरूचि के प्रदर्शन (Expression of Interest)**

भारत सरकार आवासन एंव शहरी कार्य मंत्रालय के पत्र क – 16011 / 1 / 2024 अमृत दिनांक 07.02.2024 द्वारा अमृत 2.0 एंव डे–एनयूएलएम के संयुक्त तत्वधान में महिला स्व सहायता समूह को अमृत मित्र के रूप में चयन कर पौधारोपण एवं उनके रख–रखाव कार्य कराए जाने हेतु विभिन्न गैर तकनीकी कार्य कराए जाने के विस्तृत दिशा निर्देश एंव एस.ओ.पी. निर्गत किए है। भारत सरकार द्वारा निर्गत दिशा–निर्देश के अनुक्रम में स्व–सहायता समूह की महिलाओं को अमृत मित्र के रूप में (वित्तीय वर्ष 2025–26) के लिए चयनित करने हेतु अमृत 2.0 एंव एनयूएलएम शाखा द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित अभिरुचि के प्रदर्शन का (Expression of Interest) प्रारूप निम्न अनुसार है।

**आवेदनकर्ता के लिए जानकारी एंव मार्गदर्शन**

आवेदनकर्ता को सलाह दी जाती है कि सम्पूर्ण ईओआई आवेदन पत्र सावधानी पूर्वक पढ़कर समक्ष लें। आवेदनकर्ता को अपने प्रस्ताव निर्धारित प्रारूप में भरकर जमा करना अनिवार्य होगा।

**कार्य का विवरण**

अमृत 2.0 योजनांतर्गत प्रस्तावित उद्यानों के संचालन एंव संधारण का कार्य ।

EOI आवेदन प्रक्रिया हेतु निर्धारित दिनांक निम्नानुसार है।

| सं.क | विवरण | प्रारंभ दिनांक एंव समय | अंतिम दिनांक एंव समय |
|---|---|---|---|
| 1 | EOI आवेदन हेतु विज्ञापन का प्रकाशन | 06.09.2025 | 13.09.2025 |
| 2 | EOI सूचना का निकाय पटल पर प्रकाशन | 06.09.2025 | 13.09.2025 |
| 3 | कार्यालय से EOI आवेदन प्राप्त करना | 08.09.2025 | 13.09.2025 |
| 4 | पूर्णतः भरा हुआ EOI आवेदन जमा करना | 08.09.2025 | 13.09.2025 |
| 5 | EOI आवेदन एवं दस्तावेजों का परिक्षण | 14.09.2025 | 15.09.2025 |
| 6 | पात्र आवेदकों का साक्षात्कार हेतु आमंत्रण | 16.09.2025 | 17.09.2025 |
| 7 | चयनित आवेदकों की सूची प्रकशित करना | 19.09.2025 | 19.09.2025 |
| 8 | चयनित आवेदकों को कायदिश जारी करना | 22.09.2025 | 22.09.2025 |

नोट– 1. आवेदनकर्ता. समूह को अपने प्रस्ताव निर्धारित प्रारूप में ही जमा करने होंगें ।
2. . कोई भी प्रस्ताव अपूर्ण होने की स्थिति में निरस्त किया जावेगा ।
3. निर्धारित दिनांक एंव समय के पश्चात प्राप्त प्रस्ताव स्वीकार नही किए जायेंगें।
4. आवेदनकर्ता समूह EOI आवेदन प्रक्रिया मे लगने वाले सभी व्यय वहन करेगी।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद रायसेन**

स्वत्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रामपाल सिंह परमार द्वारा जय माता प्रिंटर्स, 28, कुम्हारपुरा, चर्च रोड, जिंसी चौराहा, जहांगीराबाद, भोपाल, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं 49 वर्धमान ग्रीन एन्क्लेव दामखेड़ा, सागर लैंड मार्क के पास अयोध्या बायपास, भोपाल (मप्र) से प्रकाशित। *संपादक रामपाल सिंह परमार। समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार (समस्त न्यायिक मामलों का क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा) फोन नं. – 8770932048